16 page 1_01.qxd 10/15/2023 9:58 PM Page 1

दूसरे नवरात्रे पर मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करें।


# दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

पन्ना प्रमुख के दम पर जीतेंगे सभी...

8


■ वर्ष:1 ■ अंक: 37 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ सोमवार ■ 16 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117


## न्यूज डायरी

### डॉ. शीला पूनिया को मिला इंडिया स्कूल रैंकिंग अवार्ड 2023-24 का खिताब

**सिरसा।** शाह सतनाम गर्ल्ज स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. शीला पूनिया को नई दिल्ली में इंडिया स्कूल रैंकिंग अवार्ड 2023-24 से सम्मानित किया गया। इस स्कूल को हरियाणा में दूसरा स्थान मिला है। कार्यक्रम में देशभर के सीबीएससी स्कूलों के प्रिंसिपल आए हुए थे। उल्लेखनीय है कि पिछले 10 वर्षों से लगातार शाह सतनाम गर्ल्ज स्कूल अवार्ड जीत रहा है। डा. शीला पूनिया ने बताया कि यह पुरस्कार क्वालिटी एजुकेशन, बेहतर खेल गतिविधियों, विद्यार्थियों की योग्यता, संकाय, सामुदायिक सेवा, बुनियादी ढांचे सहित अन्य सुविधाओं के आधार पर दिया जाता है।

### बीआरएस ने जारी किया घोषणा पत्र

**हैदराबाद।** राजनीतिक पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। रविवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री और बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर ने हैदराबाद में पार्टी के घोषणा पत्र का एलान किया। इस दौरान सीएम ने पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने बार-बार कहा है कि कुछ को छोड़कर अन्य सभी मौजूदा विधायकों को जीत मिलेगी। जिन्हें टिकट नहीं मिला है, उन्हें समझाने की कोशिश की है कि विधायकी का टिकट ही अंतिम नहीं है भविष्य में भी कई मौके आएंगे।उन्होंने कहा कि इस घोषणा पत्र में आसरा योजना के तहत दी जाने वाली आर्थिक मदद 2 हजार से बढ़ाकर तीन हजार कर दी गई है। अगले पांच सालों में इस योजना के तहत हर साल पांच सौ रुपये बढ़ाकर इसे पांच हजार किया जाएगा।

### गाजा में घुसी इजराइल की सेना

**तेल अवीव।** इजराइल ने फिलहाल जमीनी हमले की बात नहीं की है, लेकिन शुक्रवार देर शाम गाजा के सलाह अल दीन रोड पर हमले में 70 लोगों की मौत के बाद माना जा रहा है कि ऑपरेशन शुरू हो चुका है।इजराइली सेना ने नॉर्थ गाजा में रह रहे 11 लाख लोगों को साउथ गाजा जाने के लिए शनिवार को 6 घंटे का टाइम दिया था।

ये डेडलाइन खत्म हो चुकी है। इजराइल ने 9 अक्टूबर को गाजा की तरफ पानी और बिजली की सप्लाई रोक दी थी।

इससे वहां पानी खत्म होने की कगार पर है।ये गाजा बॉर्डर से सिर्फ 2 किमी पहले का इलाका वॉर फ्रंट बना हुआ है। इजराइली फोर्स इसी रास्ते से आगे बढ़ रही है।

### पीएम मोदी का रिलीज हुआ नया गरबा सॉन्ग माडी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिखे गए गरबा सॉन्ग माडी को रिलीज कर दिया गया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस गाने को शेयर किया है। इस गाने को दिव्य कुमार ने अपनी आवाज दी है। वहीं मीत ब्रदर्स ने इस गाने को कंपोज किया है। यह गाना गुजराती भाषा में है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस पर पीएम मोदी ने इस गाने को साझा किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए भी पीएम मोदी ने इस म्यूजिक को शेयर किया है। उन्होंने म्यूजिक शेयर करते हुए लिखा,नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है और मुझे एक गरबा सॉन्ग आप लोगों के साथ साझा करते हुए खुशी हो रही है, जिसे मैंने लिखा है।

मैं मीत ब्रदर्स को यह म्यूजिक बनाने और दिव्या कुमार को इस गाने के लिए अपनी आवाज देने के लिए धन्यवाद देता हूं।

## मुख्यमंत्री ने अंबाला में घरेलू एयरपोर्ट का किया शिलान्यास

# अंबाला को मनोहर सौगात

### यहां हवाई अड्डा बनने से निवेश और उद्योग बढ़ेगा : मनोहर लाल

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। नवरात्रों के पहले दिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंबाला के पहले घरेलू एयरपोर्ट का भूमि पूजन कर शिलान्यास करके यहां के स्थानीय निवासियों को सौगात दी है। इस अवसर पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि अंबाला में हवाई अड्डा बनने से इस क्षेत्र में निवेश और उद्योग बढ़ेगा, जिससे रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्रुष्यंत चौटाला, गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज और सांसद कार्तिकेय शर्मा भी मौजूद रहे।

मनोहर लाल ने कहा कि 20 एकड़ जमीन पर टर्मिनल बनाया जाएगा। इस पर लगभग साढ़े 20 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह टर्मिनल बनने के बाद हवाई गतिविधियां शुरू होने में बहुत ज्यादा समय नहीं लगेगा, क्योंकि रनवे और बाकी व्यवस्था पहले से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अभी तक अंबाला का एयरफोर्स का ये स्टेशन सिविल एअरपोर्ट नहीं था। लेकिन जब यह विचार आया कि यहाँ सिविल एअरपोर्ट बनेगा, तो इसका लाभ शायद बाकी जीतने छोटे हवाई अड्डे हैं, उनसे कई ज्यादा हो पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य था कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर सके। इस उड़ान योजना का लाभ सबसे पहले हम अंबाला से ही उठा पाएंगे। हरियाणा सरकार ने उड़ान योजना के तहत रूट्स के लिए आवेदन किया हुआ है। जल्द ही हमें अनुमति मिल जाएगी। देहरादून, लखनऊ, अमृतसर, जयपुर,शिमला जैसे रूट में से कुछ रूट पर तुरंत स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। इससे अंबाला और इसके आसपास के जिलों के लोगों को बहुत बड़ी सुविधा होने वाली है। इस अवसर पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अंबाला एयरपोर्ट के शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व धन्यवाद व्यक्ति करते हुए कहा कि इससे अंबाला का और तेजी से विकास होगा।

### अगले 6 माह में विकसित होगा टर्मिनल : दुष्यंत

उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज का दिन बहुत खुशी का दिन है। आज चण्डीगढ़ के बाद हिसार में महाराज अग्रसेन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बाद अंबाला का यह घरेलू एयरपोर्ट तीसरा एयरपोर्ट है। उन्होंने कहा कि लगभग 133 करोड़ रुपए की लागत से जो जमीन डिफेंस से हमने ली, उसमें लगभग 20 से 21 करोड़ रुपए की लागत से अब इन्फ्रास्ट्रक्चर यानि डोमेस्टिक टर्मिनल को अगले 6 माह में विकसित किया जाएगा। यह कम से कम 200 पैसेंजर्स को कैटर कर पाएगा।

### अगले वर्ष हिसार से शुरू होंगी उड़ानें

मुख्यमंत्री ने महाराजा अग्रसेन की जयंती की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिसार में भी महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल एयरपोर्ट को विकसित किया जा रहा है। लगातार 3 साल से काम चल रहा है और जल्द ही इस वर्ष के अंत तक या अगले वर्ष की प्रारंभ में उसे हवाई अड्डे से कोई न कोई गतिविधि अवश्य शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हम धीरे-धीरे एविएशन सेक्टर में आगे बढ़ रहे हैं। गुरुग्राम का विकास दिल्ली हवाई अड्डे की नजदीकी के कारण ही संभव हुआ है। इसी सोच के साथ हिसार में एक बड़ा एयरपोर्ट विकसित करने की सरकार ने योजना बनाई है। इसी प्रकार, जेवर एअरपोर्ट का भी लाभ हमको मिलेगा। सबसे अधिक लाभ फरीदाबाद जिला को मिलेगी और वहां भी प्रगति होगी।

### करनाल से यमुनानगर की रेल लाइन की मिली मंजूरी

मनोहर लाल ने कहा कि करनाल से यमुनानगर की रेल लाइन की भी मंजूरी मिल गई है। केंद्र सरकार ने हरियाणा में नए राष्ट्रीय राजमार्ग को भी मंजूर किया है। लगभग 50 से 60 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट केंद्र सरकार ने हरियाणा के लिए मंजूर किए हैं। इनमें से कई राजमार्ग बन गए हैं और कई निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि 152 डी राजमार्ग अंबाला को कोटपूतली से जोड़ता है। पहले जो यात्रा के लिए 10 घंटे लगते थे, वह आज 5 से 6 घंटे में पूरी होती है। इतना ही नहीं, अंबाला के पश्चिमी बाईपास का भी लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है। इसी तर्ज पर अंबाला के पूर्वी बाईपास को भी मंजूर किया गया है।

## प्रदेश में फ्लेवर्ड हुक्के पर भी लगी रोक

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा में रेस्टोरेंट व क्लब में हर्बल की आड़ में पिलाए जाने वाले फ्लेवर्ड हुक्का पर सरकार ने रोक लगा दी है। राज्य के गृह विभाग ने फ्लेवर्ड हुक्के को नुकसानदायक बताते हुए सभी पुलिस कमिश्नर और उपायुक्तों को तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया है। गृह विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि पारंपरिक और व्यक्तिगत पीने वाले हुक्के पर किसी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं है। गौरतलब है कि दो हफ्ते पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक जनसभा के दौरान हरियाणा में व्यावसायिक हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाने का एलान किया था। इस निर्देश के बाद गृह विभाग ने हुक्का बार पर लगे प्रतिबंध के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया है। अब नए आदेश के अनुसार रेस्टोरेंट व क्लब में हर्बल की आड़ में पिलाए जाने वाले फ्लेवर्ड हुक्का पर भी प्रतिबंध रहेगा। हरियाणा के गृह विभाग ने फ्लेवर्ड हुक्के को नुकसानदायक बताते हुए सभी पुलिस कमिश्नर और उपायुक्तों को तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया है। गृह सचिव टीवीएसएसन प्रसाद की ओर से जारी पत्र के मुताबिक हरियाणा के विभिन्न जिलों में तंबाकू व फ्लेवर्ड हुक्का परोसने का काम चल रहा है। कई जगह तंबाकू के साथ प्रतिबंधित नशीले पदार्थ भी मिलाए जाते हैं। वहीं, यह भी देखने में आया है कि स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें कई तरह की जड़ी-बूटी मिलाई जाती हैं। युवाओं को बहला-फुसलाकर इसका चस्का लगाया जाता है, जो बाद में आदत में बदल जाती है।

गृह सचि के अनुसार फ्लेवर्ड हुक्के में निकोटीन अनुपस्थित हो सकता ह, लेकिन ऐसे स्वाद वाले हुक्के का धुएं में कार्बन मोनो आक्साइड (सीओ) और पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच), वाष्पशील एल्डिहाइड और भारी धातुएं होती हैं। इसका सीधा असर हृदय पर पड़ता है। इससे फेफड़े के रोग भी बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद यह भी गंभीर बीमारियों का कारण बनती है।

### रेस्टोरेंट व क्लब में पिलाया तो होगी कार्रवाई

## इनेलो सुप्रीमो ने पार्टी में की कई नई नियुक्तियां

### अभय महासचिव तो नफे सिंह राठी फिर बने हरियाणा अध्यक्ष

#### आरएस चौधरी और प्रकाश भारती को बनाया राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़। इनेलो सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श उपरांत पार्टी की राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी में पदाधिकारियों की नई नियुक्तियां की हैं। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की सूची रविवार को जारी की गई। रि.आईएएस आरएस चौधरी और प्रकाश भारती को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला को राष्ट्रीय प्रधान महासचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है। राज्य कार्यकारिणी पदाधिकारियों में नफे सिंह राठी को फिर से हरियाणा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रेखा राणा, पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान, राव होशियार सिंह, भोपाल सिंह भाटी और राज सिंह मोर को प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान, राजेश गोदारा, पूर्व विधायक डा. सीताराम, पूर्व विधायक ओम प्रकाश गोरा, पूर्व विधायक दिलबाग सिंह, सुनील लांबा, रामेश्वर दास, मंगत राम सैनी, पूर्व विधायक नरेश शर्मा और राम कुमार ऐबला को प्रदेश महासचिव डा. केसी काजल, सतबीर बढेसरा, जगतार सिंह संधू, तैयब भीमशिका हथीन, आनंद श्योराण, सुशील कुमार गौतम, पाला राम राठी, रमेश कुमार, राम रत्तन कश्यप, पूर्व विधायक जोगीराम और जोगिंद्र मलिक को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। इनके अलावा पूर्व विधायक रणवीर मंदोला को प्रदेश संगठन सचिव और मनोज अग्रवाल को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व डीजीपी एमएस मलिक को नीति एवं प्रोग्रामिंग समिति का अध्यक्ष, पूर्व विधायक शेर सिंह बढ़शामी को अनुशासन कार्रवाई समिति का अध्यक्ष और स. नछत्तर सिंह मल्हान को कार्यालय सचिव बनाया गया है। राकेश सिहाग को मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है।

## रेवाड़ी गुरूटेक सोसायटी के डेवलपर के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा

### सोसायटीवासी बोले, मनमानी पर उतरा डेवलपर, नियमों का हो रहा खुलेआम उल्लंघन

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। डेवलपर की मनमानी को देखते हुए शहर की गढ़ी बोलनी रोड स्थित गुरूटेक सोसायटी में रहने वाले लोगों का रोष बढ़ता जा रहा है।द्ध रविवार को उनका डेवलपर के विरुद्ध गुस्सा फूट पड़ा। गुरूटेक सोसायटी के निवासियों ने सोचा था कि वे अपने घर में चैन से रहा करेंगे। उनकी प्राइवेसी में कोई खलल नहीं डालेगा, किंतु इसमें सबसे बड़स विलेन डेवलपर ही बन गया। गौरतलब है कि तमाम नियमों को ताक पर रखकर गुरूटेक सिटी के डेवलपर ने दीनदयाल आवासीय योजना के तहत काटे जा रहे प्लॉटों के रास्ते गुरूटेक सिटी के बीच में से ही दे दिए हैं। इसे लेकर यहां के निवासियों में बहुत रोष है।

### ले आउट प्लान में सहमति के बिना बदलाव

नाराजगी इस बात से भी है कि लोगों का कहना है कि उनके और डेवलपर के बीच हुए अनुबंध के मुताबिक ले आउट प्लान में तब तक बदलाव नहीं किया जा सकता है जब तक कि यहां रहने वाले दो तिहाई निवासियों की सहमति ना ली जाए। इसके विपरीत डेवलपर ने इस अनुबंध को ताक पर रखकर एक नई योजना के तहत प्लॉटिंग शुरू कर दी। उसका रास्ता गुरूटेक में रहने वाले लोगों के घरों के आगे से से दिया।इसे लेकर कानूनी लड़ाई लडने को लेकर भी यहां की आरडब्ल्यू ने तैयारी शुरू कर दी है।

### गुरूटेक आरडब्ल्य के प्रधान बोले, विजिलेंस से हो मामले की जांच

गुरूटेक आरडब्ल्य के प्रधान प्रशान्त यादव ने कहा कि वो पूरी तरह से अपनी सोसायटी के निवासियों के साथ हैं। इस मामले की जांच विजिलेंस द्वारा की जानी चाहिए कि डेवलपर को आखिर नई परियोजना के लिए गुरूटेक के रास्ते का प्रयोग करने का लाइसेंस कैसे मिल गया। प्रशान्त यादव ने कहा कि इस मामले को लेकर वो सहकारिता मंत्री बनवारी लाल,रेवाड़ी के विधायक चिरंजीव राव,कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह एवं हरियाणा टूरिज्म के चेयरमैन अरविन्द यादव से भी मिलेंगे तथा उन्हें गुरूटेक निवासियों की प्रत्येक समस्याओं से अवगत कराएंगे ताकि यहां के लोगों के हितों पर हो रहे कुठाराघात को रोका जा सके।

### रास्ता करेगा निजता को प्रभावित

लोगों का मानना है कि अगर इस रास्ते को बंद नहीं किया जाता है तो उनकी निजता प्रभावित होगी क्योंकि उन्होंने यहां पर मकान इसलिए ही बनाया था ताकि वो बाहरी लोगों के अनावश्यक आवागमन के बिना सुरक्षापूर्ण तरीके से यहां रह सकें। इसे लेकर यहां के लोगों ने अपने घरों के बाहर बैनर भी लगाने शुरू कर दिए हैं जिसमे सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि वो गुरूटेक में निवेश करने से पहले ये जान लें कि यहां के रास्ते केवल गुरूटेक निवासियों के प्रयोग के लिए हैं तथा इन्हे किसी बाहरी परियोजना के प्रयोग में नहीं लाया जा सकता है।

### रिश्वत केस में आईएएस जयवीर आर्य को भेजा जेल

**चंडीढ़।** रिश्वत लेते पकड़े गए आईएएस अफसर अफसर जयवीर आर्य को रिमांड के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानि एसआईटी गठित की गई है। आर्य से रिश्वत के 3 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। रविवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने करनाल में अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यहां इंस्पेक्टर सचिन कुमार ने बताया कि इस मामले में अब तक 2 को गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें रिमांड के बाद जेल भेज दिया गया है। ब्यूरो से विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है।

### सबूतों का अभी खुलासा नहीं करेगी ब्यूरो

रिमांड के दौरान जयदीप आर्य को एंटी करप्शन ब्यूरो देहरादून लेकर गई थी। वहां भी उसके खिलाफ काफी सबूत टीम को मिले हैं, लेकिन इनका अभी खुलासा नहीं किया जाएगा। पहले बात सामने आई थी कि रिश्वत के 2 लाख रुपए देहरादून के किसी होटल से बरामद किए जाएंगे थे पता चला कि आर्य ने पहले 5 लाख रुपए मांगे, लेकिन बाद में डील 3 लाख में फाइनल हुई। ये रुपए मौके पर टीम द्वारा बरामद कर लिया गया था।

### कांग्रेस ने एमपी समेत तीन राज्यों के लिए जारी की उम्मीदवारों की सूची

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 144 सीटों के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया है। छत्तसीगढ़ की 90 विधानसभा सीटों में से 30 सीटों पर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई है। इसी तरह तेलंगाना की 119 सीटों में से 55 सीटों पर पार्टी ने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। स्थान और मिजोरम विधानसभा के लिए उम्मीदवारों का एलान भी जल्द हो सकता है। तेलंगाना में पार्टी ने 46 फीसदी से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया। राज्य में कुल 119 विधानसभा सीटें हैं। 2013 में यहां पार्टी को 13 सीटों पर जीत मिली थी। हालांकि, इस वक्त केवल पांच विधायक ही हैं। पहली सूची में पांचों मौजूदा विधायकों को टिकट मिला है।

### क्या कहते हैं कमलनाथ

कांग्रेस की सूची जारी होने पर मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि हम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जो सूची जारी की गई है, उनमें 65 उम्मीदवारों की उम्र 50 साल से कम है और साथ ही 19 महिला उम्मीदवार भी हैं। उनके (भाजपा) के पास कुछ नहीं बचा है बस वो ये नहीं कह सकते कि वह चुनाव हार रहे हैं।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में राहत मिलने के बाद घर आए विधायक धर्म सिंह छौक्कर

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

पानीपत। ईडी की रेड के बाद से वे बेटों सहित अंडरग्राउंड चल रहे समालखा के कांग्रेसी विधायक धर्म सिंह छौक्कर रविवार को अपने आवास पर पहुंचे। बता दें कि उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने विधायक को राहत देते हुए गिरफ्तारी पर स्टे किया था। तीन बार सुनवाई के बाद फिलहाल अस्थाई तौर पर गिरफ्तारी को टाल दिया है। समालखा में कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। आतिशबाजी भी की गई। यहां विधायक ने भी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। गौरतलब है गुरुग्राम कोर्ट ने उनके गैर जमानती वारंट जारी किए थे। इसके बाद विधायक ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। गुरुग्राम कोर्ट ने करीब दो हफ्ते पहले ही तीनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए थे। ये आदेश ईडी की याचिका पर दिए थे। छौक्कर और उनके दोनों बेटे श्रेष्ठ द्वारा बार-बार बुलाए जाने पर भी जांच में शामिल नहीं हुए थे। सभी का धन्यवाद करते हुए उन्होंने लोगों को कहा कि ये लोगों के ही विश्वास की पहली जीत है। वे झुक नहीं सकते हैं, बेशक कट जाएंगे। इसके बाद उन्होंने ईडी की जांच को भी सरकार के कहने पर की गई कार्रवाई करार किया है। ईडी की तरफ से दलील दी गई थी कि छौक्कर जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई मुख्य याचिका के साथ 12 अक्टूबर तक स्थगित कर दी थी।

### तीन बार सुनवाई के बाद फिलहाल अस्थाई तौर पर गिरफ्तारी टाली

**सीएम बोले** अग्रोहा पुरातत्व स्थल संग्रहालय के विकास में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध

## राखीगढ़ी की तर्ज पर अग्रोहा को करेंगे विकसित : मनोहर

### एएसआई और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग संयुक्त रूप से करेगा अग्रोहा पुरातत्व स्थल की खुदाई

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में अग्रोहा धाम के ऐतिहासिक पुरातत्व स्थल पर एक प्रतिष्ठित संग्रहालय की स्थापना की जाएगी। साथ ही राखीगढ़ी की तर्ज पर जल्द ही सरकार अब ऐतिहासिक स्थल अग्रोहा को विकसित करने जा रही है। उन्होंने आज यहां पंचकूला में प्रथम नवरात्रि के अवसर पर माता मनसा देवी मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना करने बाद यह जानकारी दी। मनोहर लाल ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुखद भविष्य और स्वास्थ्य की कामना की। महाराजा अग्रसेन जंयती की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि अग्रोहा के पुरातात्विक स्थल को महाराजा अग्रसेन की राजधानी माना जाता है। इस स्थल के विकसित होने से ना केवल आस्था का यह केंद्र विश्व में अपनी पहचान बनाएगा बल्कि यह स्थल पर्यटन के रूप में भी विख्यात होगा। केंद्र सरकार ने अग्रोहा पुरातात्विक स्थल एवं निकटवर्ती क्षेत्र का समग्र विकास राखीगढ़ी मॉडल के अनुसार एमओयू के माध्यम से करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। हम राज्य की समृद्ध विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने के अपने व्यापक प्रयासों के तहत अग्रोहा पुरातत्व स्थल संग्रहालय के विकास में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, विधायक असीम गोयल, पंचकूला मेयर कुलभूषण गोयल मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने किया था केंद्र से आग्रह

हिसार जिले में केंद्रीय संरक्षित स्थल अग्रोहा में उत्खनन के संबंध में मनोहर लाल ने केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी को अगस्त माह में पत्र लिखा था। पत्र में उन्होंने इच्छा जताई थी कि हरियाणा सरकार प्रसिद्ध ऐतिहासिक शहर अग्रोहा, तहसील आदमपुर, जिला हिसार में पुरातात्विक विरासत को उजागर करना चाहती है ताकि राज्य के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़े। उन्होंने इस स्थल को हरियाणा में एक भव्य विरासत स्थल में बदलने और पुरातत्व स्थल संग्रहालय की स्थापना के लिए एक परियोजना शुरू करने का भी अनुरोध किया है। खुदाई के दौरान अग्रोहा जनपद (गणराज्य) के सिक्कों की खोज और महाभारत सहित प्राचीन साहित्य में इसका प्राचीन नाम अग्रडोका का आना इसके गणतंत्र का मुख्यालय होने के पर्याप्त प्रमाण हैं।



### संभावित क्षेत्रों में होगा जीपीआर सर्वेक्षण

सीएम ने बताया कि अग्रोहा पुरातत्व स्थल की खुदाई भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। खुदाई शुरू करने से पहले, राज्य सरकार द्वारा संभावित क्षेत्रों में जीपीआर सर्वेक्षण किया जाएगा। उसके बाद एएसआई और हरियाणा सरकार के बीच ज्वाइंट एम ओ यू होगा।

## हरियाणा में 21 सदस्यीय ग्राम समिति बनाने की प्रक्रिया हुई पूरी : सुशील गुप्ता

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

नई दिल्ली।आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता और सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने रविवार को दिल्ली स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय से संयुक्त प्रेसवार्ता की। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में विभिन्न पार्टियों को छोड़कर लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

इनमें गुरुग्राम के बादशाहपुर विधानसभा से समाजसेवी एडवोकेट दिनेश यादव, रेवाड़ी विधानसभा से समाजसेवी विकास यादव, रिटायर्ड एसडीओ अतर सिंह, भाजपा को छोड़कर एडवोकेट तरूण कुमार, संदीप कुमार, नवीन कुमार बीएसपी को छोड़कर अभय सिंह, दारा सिंह और जगदीश सैनी, आर्मी से रिटायर्ड मुनिराम, कांग्रेस को छोड़कर राम कुमार, इनेलो को छोड़कर कपिल यादव और शिव सेना को छोड़कर गोविन्द सिंह ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ लोकसभा और विधानसभा के चुनावों की तैयारी कर रही है। आम आदमी पार्टी ने पिछले महीने की 15 अगस्त को परिवार जोड़ो अभियान शुरू किया था, जिसके तहत हरियाणा के गांव और शहर के वार्डों को मिलाकर 7959 कुल यूनिट बनी है, जिनमें से 7221 गांव और वार्ड में 30 लाख से ज्यादा परिवारों तक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पहुंच चुके हैं और कमेटियां बना दी गई हैं।

## खबर फटाफट

### नारी उत्थान व शिक्षा को बढ़ावा देने में अग्रणी रही लाजवंती देवी : राघव

**सोहना :** भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता दिनेश राघव वरिष्ठ पत्रकार उमेश गुप्ता की माता जी लाजवंती देवी की मौत पर शोक व्यक्त किया । उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि प्रकृति भी अपना धर्म निभाती है। यह जीवन चक्र है। जो दुनिया में आया है, उसे जाना ही पड़ेगा। हमें अपने परिवार से जाने वाले दिवंगतों के पदचिन्हों पर चलना चाहिए। उन्होने कहा कि लाजवंती देवी सदैव सर्वजातीय समाज से जुड़कर चली। उनके सामाजिक कार्यों से हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है। ऐसी समाजसेविका महिला को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वह सदैव नारी उत्थान और शिक्षा को बढ़ावा देने में अग्रणी रही। उन्होने सदैव जरूरतमंदों की मदद में अहम भूमिका निभाई और सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में आगे रहकर समाज में काफी नाम कमाया।

### माता-पिता के दिखाए रास्ते पर चले युवा : चौहान

**सोहना:** भाजपा में हिमाचल प्रदेश के प्रभारी रहे तथा रिष्ठ क्षेत्रीय नेता महेश चौहान ने व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर तथा शिक्षा समिति के उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल की माता लाजवंती देवी के निधन को समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने माता-पिता के दिखाए रास्ते पर चल सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहना चाहिए। व्यक्ति के कर्म ही समाज में उसे महान बनाते है और अच्छे व नेक कार्यों की बदौलत ही समाज में किसी व्यक्ति की विशिष्ट पहचान बनती है। इस जग से एक दिन सभी को जाना है लेकिन हमें चाहिए कि हम अच्छे कार्य करे। नेक-नीयती और सदमार्ग पर चले।

### स्वदेशी सामान खरीदें : राजू

**सोहना :** वार्ड-16 से नगरपार्षद और पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष तथा जिला योजना बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष व ओलंपिक एसोसिएशन के मैंबर रहे हरीश नंदा राजू ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीवाली पर सभी लोग स्वदेशी सामान खरीदने को तरजीह दें। उन्होंने कहा कि हम सभी को स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे देश में रोजगार भी होता है और हम अपनी भारतीय संस्कृति से भी जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली आने वाली है। हमको चीन का समान नहीं खरीदना है। कोई भी पर्व हो राष्टीय हो या धार्मिक परिवारिक पर्व हो। हमें अपने देश से निर्मित सामग्री का उपयोग करना है। उसी को खरीदना है। इससे उद्योग जगत में विकास होगा ।व्यापारी को लाभ मिलेगा और हमारा देश उन्नति करेगा। खास तौर से युवा पीढ़ी को जागरूक होना है। लोकल फॉर वोकल को अपनाना है। स्वरोजगार बहुत ही आवश्यक है। आत्मनिर्भर भारत बनेगा, इसलिए जब बाजार जाएंगे सामान स्वदेशी लेंगे। स्वच्छता का ध्यान रखना पर्यावरण का ध्यान रखना है और त्योहार को मिल-जुलकर मनाना है। यही हमारी संस्कृति है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में डिग्री वितरण समारोह आयोजित

**सोहना :** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में डिग्री वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इसमें सोहना-मेवात चैंबर्स ऑफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन उपाध्यक्ष रतनपाल खटाना मुख्यातिथि रूप में मौजूद रहे। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रधानाचार्या सोनिका तक्षक के अनुसार इस मौके पर संस्थान में कार्यरत अनुदेशिका ममता यादव को इस वर्ष की सर्वश्रेष्ठ अनुदेशिका पुरस्कार से सम्मानित किया गया और 110 विद्यार्थियों को एनटीसी प्रमाणपत्र व पुरस्कार वितरित किए गए।

### व्यक्ति के कर्म बनाते हैं समाज में विशिष्ठ पहचान : खटाना

**सोहना** : गांव लोहटकी के रहने वाले पूर्व जिलापार्षद जगबीर खटाना वरिष्ठ पत्रकार उमेश अग्रवाल की माता लाजवंती देवी के निधन को समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के कर्म ही समाज में उसे महान बनाते हैं और अच्छे व नेक कार्यों की बदौलत ही समाज में किसी व्यक्ति की विशिष्ट पहचान बनती है। इस जग से एक दिन सभी को जाना है, लेकिन हमें चाहिए कि हम अच्छे कार्य करें।

### नगरपरिषद के वार्ड-15 में पार्षद पद के लिए 5 को होगा उपचुनाव

**सोहना :** नगरपरिषद के वार्ड-15 से नगरपार्षद राजकुमार गोयल एडवोकेट की मृत्यु के बाद नगरपार्षद के खाली पड़े पद पर चुनाव आयोग ने 5 नवंबर को उपचुनाव कराए जाने का निर्णय लिया है। चुनाव आयोग की तरफ से वार्ड-15 में नगरपार्षद पद के उपचुनाव के लिए बाकायदा अधिसूचना जारी कर दी है। उपचुनाव कराए जाने के लिए अधिसूचना जारी होते ही वार्ड-15 से चुनाव लडने के इच्छुक दावेदारों ने मतदाताओं से संपर्क बढ़ाना और मेलजोल बढ़ाना शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि उपचुनाव में स्व. राजकुमार गोयल के पुत्र सौरभ गोयल एडवोकेट पार्षद पद पर किस्मत आजमाने के लिए उतर सकते हैं। इसके अलावा भी कई अन्य लोग वार्ड-15 से चुनाव लड़ने के लिए जोड़तोड़ बैठाते हुए जनसंपर्क में जुट गए हैं।

### गौसेवा बढ़ाती है मनुष्य की कीर्ति और यश : सैनी

**सोहना:** गौरक्षादल कार्यकर्ता गांव सांपकी नंगली स्थित श्री सत्य सनातन गौशाला में आए और अमावस्या के उपलक्ष्य में गौशाला में पल रही गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाया। इस मौके पर उपस्थित गौभक्तों के बीच मुख्य वक्ता रूप में सोहना गौरक्षादल से जुड़े परम गौभक्त कृष्ण सैनी, सतबीर दायमा चौहडपुर, हरविंदर सैनी, मितरसेन सैनी, नरेन्द्र यादव, सोनू सैनी आदि समेत विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि गौसेवा और गऊओं के लिए किया गया दान मनुष्य को मानसिक शांति प्रदान करता है। दानी की कीर्ति और यश दोनों बढ़ते है। गौसेवा एक सात्विक कर्म है, जो हर कष्ट को हरता है। गौसेवा करने से सुख-समृद्धि और दीर्घायु बढ़ती है।

आठ वर्ष बीतने पर भी कोई घोषणा सिरे नहीं चढ़ पाई

# इंडरी गांव के लोग मुख्यमंत्री से हैं नाराज

**इंडरी गांव में उपतहसील बनाए जाने के बावजूद उप-तहसीलदार को नियुक्त करना भूली सरकार, इस पर लोग ले रहे हैं चटखारे**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार गांव इंडरी को उपतहसील का दर्जा देने की घोषणा के बावजूद आज तक गांव इंडरी में उप-तहसीलदार नहीं बैठा पाई है। दिलचस्प बात ये है कि गांव इंडरी में उपतहसील कार्यालय चलाने के लिए एक भवन भी तैयार किया गया, लेकिन 8 वर्षो में भी गांव इंडरी में उपतहसील कार्यालय शुरू ना होने पर अब यह भवन धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील हो रहा है। ऐसे में लोग तरह-तरह के चटखारे ले रहे है और कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार की गई घोषणाओं पर 8 साल से ज्यादा वक्त बीतने के बावजूद अमल ना होने से धरातल पर जुमले वाली सरकार ज्यादा साबित हो रही है या फिर भाजपा सरकार गांव इंडरी में उप-तहसीलदार लगाना भूल गई है।

हालत ये है कि इंडरी उपतहसील के तहत लगने वाले गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को अपनी तहसील से संबंधित किसी भी कार्य के लिए पैसा व समय ज्यादा बर्बाद कर नूंह आना-जाना पड़ रहा है क्योकि सरकार ने इंडरी उपतहसील गांव इंडरी में बनाने की बजाय लघुसचिवालय स्थित तहसील कार्यालय के पास ही इंडरी उपतहसील भी बना दी है। उपतहसीलदार वहीं बैठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर गांव इंडरी में उपतहसील नही बनानी थी अथवा उपतहसीलदार गांव इंडरी में नहीं बैठाना था तो फिर मुख्यमंत्री ने यह घोषणा ही क्यो की। ऐसे में इंडरी उपतहसील के तहत लगने वाले गांवों में रहने वाले लोग अपने को ठगा सा महसूस कर रहे है।

### क्या कहते हैं लोग

इंडरी गांव के पूर्व सरपंच कमल सिंह, जगदेव एडवोकेट, नंबरदार लाल सिंह, हेतराम नंबरदार, रंजीत नंबरदार, चौधरी पोहप सिंह, गांव में रहने वाले चौधरी रामजीत सिंह पंवार, पूर्व सरपंच चौधरी दीपचंद, ब्लाकसमिति के पूर्व मैंबर रूपराम दुबालू, चौधरी शीशराम सिलानी आदि समेत आसपास गांवों में रहने वाले लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल गांव इंडरी को उपतहसील का दर्जा दिए जाने की घोषणा के 8 वर्ष से भी ज्यादा वक्त बीतने पर भी गांव इंडरी में ना तो उपतहसीलदार बैठाया गया है और ना ही गांव इंडरी में उप-तहसील का काम किया जा रहा है। जब मुख्यमंत्री 10 दिसंबर, 2014 को यहां आए तो गांव इंडरी को ब्लाक बनाने की घोषणा कर गए। अधिकारी मुख्यमंत्री की घोषणाओं को कितना अमलीजामा पहना रहे है, ये इससे जाहिर हो रहा है।

### जुमलों वाली सरकार साबित हो रही

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री को इस तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए और की गई घोषणा को तत्काल लागू कराना चाहिए। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता राकेश शर्मा साचौलिया, कांग्रेस नेता नौरंग खटाना बेरका, सूरज खटाना दमदमिया, युवा कांग्रेस के हलका अध्यक्ष अशोक उल्लावास, नंबरदार बीर सिंह खटाना दमदमिया, कांग्रेस पीसीसी मैंबर पंकज भारद्वाज और यहां पर जिलापरिषद सदस्य रहे तथा मौजूदा वक्त में इनेलो के जिलाप्रधान रोहताश खटाना लोहटकी का कहना है कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार जुमलों वाली सरकार साबित हो रही है। इस सरकार में पूरी तरह अफसरशाही लागू है। मुख्यमंत्री घोषणाएं कर जाते है लेकिन उन पर अमल नहीं हो पाता है। जिससे आम जनमानस के बीच सरकार की किरकिरी हो रही है।

### मनोहर लाल ने कब की थी घोषणा

मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री बनने के बाद अपने पहले दौरे पर 10 दिसंबर, 2014 को गांव इंडरी को उपतहसील को दर्जा दिए जाने की घोषणा की थी। गांव वालों का कहना है कि मुख्यमंत्री की घोषणा को 8 वर्ष से ज्यादा बीत गया है। घोषणा अभी तक दिखावा साबित हो रही है। लोगों को अपने काम नूंह तहसील में जाकर कराने पड़ रहे है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी सोहना के गांव दौहला में कई वर्ष पहले वाहन प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन कर गए थे। कई वर्ष बीत गए लेकिन वाहन प्रशिक्षण केन्द्र आज तक चालू ही नही हो पाया है। गांव कादरपुर के नाम पर बनाया गया पावरहाउस खेड़ला, गढ़ी की जमीन पर बनाया गया है।

## आशावर्कर 18 को भाजपा मुख्यालय पर पड़ाव डाल करेंगी विरोध प्रदर्शन

**2 महीने से ज्यादा का वक्त बीत गया है पर कुंभकर्णी नींद में सोई सरकार उनकी जायज मांगों को भी नहीं मान रही**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** अपनी मांगों को लेकर पिछले 69 दिनों से हड़ताल पर चल रही आशावर्करों ने अपनी मांगें पूरी ना होने पर 18 अक्टूबर को रोहतक स्थित भाजपा के मुख्यालय पर 24 घंटे का पड़ाव डालने का निर्णय लिया है।

आशावर्करों का कहना है कि 2 महीने से ज्यादा का वक्त बीत गया है पर कुंभकर्णी नींद में सोई सरकार उनकी जायज मांगों को भी नहीं मान रही है। ऐसे में आशावर्करों ने अपने आंदोलन को और ज्यादा तेज करने का निर्णय लिया है। आशावर्करों को साफ-सपाट लहजे में कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करेगी, तब तक वह हड़ताल पर रहेगी।

आशावर्करों ने कहा कि उनकी हड़ताल 69वें दिन में प्रवेश कर गई है पर भाजपा सरकार की कुंभकर्णी नींद नही टूट रही है। शर्मनाक बात ये है कि उनका मानदेय वर्ष-2018 से आज तक नहीं बढ़ाया गया है जबकि उनसे काम पांच गुणा ज्यादा लिया जा रहा है। गुस्साई आशावर्करों ने साफ कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करेगी, वह हड़ताल से हर्गिज वापिस नहीं लौटेगी।

सोहना ब्लॉक में काम कर रही करीब 150 आशावर्करों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। इस मौके पर आशावर्कर यूनियन की सोहना ब्लॉक प्रधान मीरा देवी समेत विभिन्न वक्ताओं ने बताया कि लंबे समय से आशाएं अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करते हुए आवाज उठा रही है। कई बार मांगपत्र भी सौंपे गए है। फिर भी विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए है और मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि आशा का वेतन 26 हजार रुपए माहवार किया जाए। सभी आशाओं को पक्का किया जाए। स्थाई काम-स्थाई रोजगार प्रणाली लागू की जाए। उनसे ली जा रही बेगारी पर रोक लगाई जाए।

### ब्राह्मण शिरोमणि पंडित मांगेराम शर्मा के निधन पर सर्वजातीय समाज ने जताया शोक

**सोहना :** 87 वर्षीय ब्राह्मण शिरोमणि पंडित मांगेराम शर्मा के निधन पर यहां कई लोगों ने शोक प्रकट किया।

स्थानीय मार्किट कमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया, सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, ब्राह्मण सभा के प्रधान हरीश शर्मा बोबी, ठाकुरदास शर्मा, कांग्रेस पार्टी के पीसीसी मैंबर पंकज भारद्वाज, ब्लाकसमिति मैंबर रूचि शर्मा, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता राकेश शर्मा साचौलिया, ग्रीवेसिंग कमेटी के मैंबर रहे सुधीर शर्मा आदि ने गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि वह सदैव सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रहे। अत्यंत मृदुभाषी व मिलनसार प्रवृति के चलते उन्होने समाज में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई।वे हमेशा सर्वजातीय समाज से जुडक़र चले। उनके सामाजिक कार्यों से हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है। उनका योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## क्षेत्र की सभी समस्याओं का होगा तत्परता से निवारण : रिठौजिया

**ग्रामपंचायत मुखियाओं और ग्रामीणों से आग्रह किया कि सभी समस्याओं को सूचीबद्ध करके मांग पत्र बनाकर दें, वे डिप्टी सीएम के समक्ष रखेंगे**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र के तहत लगने वाले विभिन्न गांवों के मौजूदा व पूर्व सरपंच गांव रिठौज में आए और सोहना विधानसभा क्षेत्र से जजपा प्रत्याशी रहे और क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया के आवास पर उन्हें अपने गांवों में बनी बिजली-पानी किल्लत, सडक़े क्षतिग्रस्त होने, स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव आदि समस्याओं से सिलसिलेवार अवगत कराया।

रिठौजिया ने जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने सभी को और भरोसा दिलाया कि उनके गांवों में बनी सभी समस्याओं का एक-एक कर तत्परता से निवारण होगा।

उन्होंने ग्रामपंचायत मुखियाओं और ग्रामीणों से आग्रह किया कि उनके गांवों में जो-जो भी समस्याएं हैं, वह उन्हें सूचीबद्ध कर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नाम एक मांगपत्र के रूप में उन्हें देने का काम करं। रिठौजिया ने कहा कि इस सिलसिले में वह खुद उपमुख्यमंत्री से मिलकर उस मांगपत्र में रखी गई मांगों को जल्द से जल्द पूरा किए जाने और समस्याओं के निवारण के लिए उनके पैरोकार बनकर पूरी ईमानदारी व मजबूती से उनकी पैरवी करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि समस्याओं का हल जल्दी होगा।

## रामलीला में श्रीराम जन्म व ताड़का वध का मंचन हुआ

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** तीन स्थानों पर श्रीराम की लीलाओं के मंचन के दूसरे दिन स्थानीय खेल स्टेडियम मैदान में श्री शिव रामलीला कमेटी द्वारा प्रायोजित श्रीराम लीला मंचन के दौरान कलाकारों ने श्रीराम जन्म का दृश्य प्रस्तुत कर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर दिखाया यग कि श्रीराम जन्म के दौरान सूर्यवंश को आगे बढ़ाने के लिए व्याकुल पुत्र विहीन महाराजा दशरथ ने अपनी व्यथा मुनि श्रृंगी त्र्रंगी जी को सुनाई। जिन्होंने अपने तप द्वारा यज्ञ कर महाराजा दशरथ को आशीर्वाद दिया। जिस कारण महाराजा दशरथ के घर चार पुत्रों ने जन्म लिया।

पुत्र प्राप्ति पर महाराजा दशरथ गदगद हुए व पुत्रों संग अठखेलियां की। तत्पश्चात चारों पुत्रों को शिक्षा के लिए गुरूकुल में भेजा गया। गुरूकुल से शिक्षा पूरी करने के बाद जब चारों पुत्र वापिस अयोध्या आए तो मुनि विश्वामित्र अयोध्या नगरी आए और महाराजा दशरथ को बताया कि उनके हवन में राक्षस विघ्न डाल रहे हैं। अतः श्रीराम व लक्ष्मण को मेरे साथ भेज दो। रामलीला में दिखाया गया कि तब मुनि विश्वामित्र राम व लक्ष्मण को अपने साथ अपना हवन पूरा करने व राक्षसों का संहार करने के लिए अपने साथ ले गए। वहां मुनि के आश्रम जाकर उन्होंने ताड़का राक्षसी व अन्य राक्षसों का वध किया। रामलीला का मंचन कर रहे कलाकारों ने अपने जोरदार प्रदर्शन से बड़ी संख्या में आए कई बार दर्शकों की तालियों का पुरस्कार बटोरा।

### दादा परमानंद वैष्णो माता साईबाबा मंदिर में आठ दिनों तक होगा धार्मिक अनुष्ठान

**सोहना:** शहर के वार्ड छह स्थित सैनी इंकलेव में रविवार को दादा परमानंद वैष्णो माता साई बाबा मंदिर प्रांगण में मां के भक्तों ने आचार्य शुभम त्रिपाठी की सरपरस्ती में महामाई के गुणगान के बीच नवरात्रों के पहले दिन दीप प्रज्ज्वलित कर अखंड ज्योत जलाई।

समाजसेवी नवीन सैनी व एडवोकेट नरेश सैनी, धीरज कुमार, ओमप्रकाश, रणधीर सिंह आदि ने बताया कि नवरात्रों में बाबा साई मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक माता के भजनों पर आधारित भजन-संकीर्तन होगा। इस मौके पर हवन भी प्रतिदिन चलेगा और नवमी के दिन सोमवार, 23 अक्टूबर को मंदिर प्रांगण में माता की चौकी दोपहर से प्रारंभ होगी, जो देर रात तक चलेगी। मां भगवती की चौकी पर ओम म्यूजिकल जागरण पार्टी से आए गायक कलाकार वंश ग्रोवर श्रद्धालुओं के बीच माता के भजनों पर ज्ञान की गंगा बहाएंगे। सुंदर आकर्षक व शिक्षाप्रद झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी।

## भारत रत्न अब्दुल कलाम देश के लिए रहे प्रेरणा स्रोत : जैन

**हम सभी को जातपात और पार्टीबाजी जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखते हुए देश के विकास में अपना अहम योगदान देना चाहिए**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** यहां पर रविवार को वार्ड-पांच में समाजसेवी डीसी खुराना के आवास पर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन युवा समाजसेवी सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में छत्तीस बिरादरी, सर्वजातीय समाज से आमंत्रित मौजिजान लोगों ने भी बढ़-चढ़क़र हिस्सा लिया।

मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन और जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी राकेश जैन ने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्रपति पद पर रहते हुए उन्होने देश की प्रगति के लिए अपना अहम योगदान दिया। इस पद से सेवानिवृत्त होने के बाद वह उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत रहे।

उन्होंने कहा कि एक शिक्षक के रूप में डाक्टर अब्दुल कलाम ने ना केवल विद्यार्थियों को सफलता के मूल मंत्र दिए बल्कि अपने आप में वह अथाह ज्ञान का भंडार रहे। उन्होंने कहा कि डाक्टर अब्दुल कलाम के जन्मदिन पर हम सभी को जातपात और पार्टीबाजी जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखते हुए देश के विकास में अपना अहम योगदान देना चाहिए और यह तभी संभव है, जब हम पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा ले। उनके दिखाए रास्ते पर चले।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि रूप में मौजूद युवा समाजसेवी व नगरपार्षद गौरव जैन ने कहा कि डाक्टर कलाम ने भारत के विकास स्तर को वर्ष-2020 तक विज्ञान के क्षेत्र में अत्याधुनिक करने के लिए एक विशिष्ट सोच दी थी। उनकी देखरेख में भारत ने वर्ष-1998 में पोखरण में अपना दूसरा सफल परमाणु

परीक्षण किया था और परमाणु शक्ति से सम्पन्न राष्ट्रों की सूची में भारत शामिल हुआ था।

उन्होंने कहा कि कलाम जाने-माने वैज्ञानिक के साथ-साथ देश के राष्ट्रपति रहे। बच्चों से बेहद प्यार करने वाले कलाम ने कई किताबें लिखी थी। कलाम को वर्ष-1989 में प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में पदम विभूषण तथा वर्ष-1997 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। कलाम सदैव देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे।

उन्होंने डाक्टर कलाम को नमन करते हुए कहा कि डाक्टर कलाम युवाओं और बच्चों के लिए खासे लोकप्रिय थे। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से होता है कि वर्ष-2003 और वर्ष-2006 में उन्हे एमटीवी ने बतौर यूथ आइकन ऑफ दा ईयर नोमिनेट किया था। डाक्टर कलाम को भी युवाओं के साथ समय बिताना बहुत ही पसंद था। डाक्टर कलाम को पीपुल्स प्रेसिडेंट भी कहा जाता था क्योंकि वह आम लोगों से काफी नजदीकी रिश्ता बनाकर रखते थे। उन्होंने डाक्टर अब्दुल कलाम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए डाक्टर कलाम को बचपन से ही बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताया और कहा कि कलाम जब 8 वर्ष के थे, सुबह 4 बजे उठकर स्नान करने के बाद गणित पढने् में दिल लगाते थे। कलाम संगीत और नृत्य को वैश्विक शांति का आधार मानते थे। उन्होंने कहा कि निर्धनता के चलते बचपन में अखबार वितरित कर परिवार के साथ भरण पोषण करने वाले कलाम सदैव राष्ट्रझ हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते थे। युवा समाजसेवी सिद्धार्थ जैन ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित एपीजे अब्दुल कलाम को लोग मिसाइल मैन के नाम से भी जानते थे।

पुरातात्विक स्थल | विकसित होगा अग्रोहा पुरातात्विक स्थल-केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

## अग्रवाल समाज ने जताया केंद्र सरकार का आभार

**एएसआई और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग संयुक्त रूप से करेगा अग्रोहा पुरातत्व स्थल की खुदाई**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** अग्रवाल सभा के प्रधान सतीश कुमार, पूर्व प्रधान सेठ विजय गोयल, लाला सुभाष बंसल, जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, पूर्व उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल और अग्रवाल वैश्य समाज के प्रधान रोहित गर्ग, प्रहलाद गुप्ता, डाक्टर महेश गोयल आदि ने केन्द्र सरकार द्वारा अग्रोहा धाम को पुरातात्विक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने पर खुशी जताई है।

उन्होंने अग्रवाल समाज की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार का आभार जताया है। स्थानीय अग्रवाल समाज के उपरोक्तजनों के साथ-साथ जागरूक लोगों ने इस बात पर खुशी जताई कि केन्द्र सरकार हरियाणा में राखीगढ़ी की तर्ज पर जल्द ही सरकार अब ऐतिहासिक स्थल अग्रोहा को विकसित करने जा रही है।

उन्होंने कहा कि अग्रोहा के पुरातात्विक स्थल को महाराजा अग्रसेन की राजधानी माना जाता है। इस स्थल के विकसित होने से ना केवल आस्था का यह केंद्र विश्व में अपनी पहचान बनाएगा बल्कि यह स्थल पर्यटन के रूप में भी विख्यात होगा। केंद्र सरकार ने अग्रोहा पुरातात्विक स्थल एवं निकटवर्ती क्षेत्र का समग्र विकास राखीगढ़ी मॉडल के अनुसार एमओयू के माध्यम से करने की मंजूरी दे दी है। इस संबंध में भारत सरकार के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अन्वेषण एवं उत्खनन अनुभाग के निदेशक (अन्वेषण एवं उत्खनन) प्रवीण कुमार मिश्रा ने पत्र लिखकर जानकारी दी है।

उन्होंने हरियाणा सरकार के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के विशेष सचिव एवं निदेशक को लिखे पत्र में बताया कि अग्रोहा पुरातत्व स्थल की खुदाई भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की उत्खनन शाखा-द्वितीय और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। खुदाई शुरू करने से पहले, संभावित क्षेत्रों में जीपीआर सर्वेक्षण जैसे अन्य सर्वेक्षण किए जाएंगे। हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग जीपीआर सर्वेक्षण के लिए वित्तपोषण करेगा।

स्थानीय अग्रवाल सभा के प्रधान सतीश कुमार, पूर्व प्रधान सेठ विजय गोयल, लाला सुभाष बंसल, जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, पूर्व उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल और अग्रवाल वैश्य समाज के प्रधान

रोहित गर्ग, प्रहलाद गुप्ता, डाक्टर महेश गोयल आदि ने बताया कि हिसार जनपद स्थित केंद्रीय संरक्षित स्थल अग्रोहा में उत्खनन के संबंध में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय संस्कृति मंत्री श्रीजी. किशन रेड्डी को अगस्त माह में पत्र लिखा था और मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने इच्छा जताई थी कि हरियाणा सरकार प्रसिद्ध ऐतिहासिक शहर अग्रोहा, तहसील आदमपुर, जिला हिसार में पुरातात्विक विरासत को उजागर करना चाहती है ताकि राज्य के सांस्कृतिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़े।

उन्होंने इस स्थल को हरियाणा में एक भव्य विरासत स्थल में बदलने और पुरातत्व स्थल संग्रहालय और व्याख्या केंद्र की स्थापना के लिए एक परियोजना शुरू करने का भी अनुरोध किया है। खुदाई के दौरान अग्रोहा जनपद (गणराज्य) के सिक्कों की खोज और महाभारत सहित प्राचीन साहित्य में इसका प्राचीन नाम अग्रडोका का आना इसके गणतंत्र का मुख्यालय होने के पर्याप्त प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा कि अग्रोहा शहर तक्षशिला और मथुरा के बीच प्राचीन व्यापार मार्ग पर स्थित था और इसलिए, यह फिरोज शाह तुगलक (1351-88 ई.) की नई बस्ती हिसार-ए-फिरोज़ा (हिसार-1354 ई.) के अस्तित्व में आने तक वाणिज्य और राजनीतिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना रहा। पहले की खुदाई से इस स्थल की क्षमता साबित हुई है और लगभग चौथी शताब्दी से लेकर चौदहवीं शताब्दी ईस्वी तक की पांच अलग-अलग सांस्कृतिक अवधियों का पता चला है।

सतीश कुमार, पूर्व प्रधान सेठ विजय गोयल, लाला सुभाष बंसल, जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, पूर्व उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल और अग्रवाल वैश्य समाज के प्रधान रोहित गर्ग, प्रहलाद गुप्ता, डाक्टर महेश गोयल आदि की माने तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार पुरातत्व स्थलों को विकसित करने का काम कर रही है। सरकार राखीगढ़ी की पुरानी सभ्यता को सुरक्षित रखना व उस स्थल को विकसित करने इत्यादि विषयों को लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के साथ मिलकर काम कर रही है। वहीं प्रदेश सरकार ऐतिहासिक धरोहर लोहगढ़ को भी नया स्वरूप देने जा रही है। हालांकि भौगोलिक दृष्टि से हरियाणा छोटा राज्य है लेकिन यहां पुरातत्व से जुड़ी हुई चीजें सबसे ज्यादा पाई जाती हैं। सरस्वती काल की सभ्यता के अवशेष भी हरियाणा के कई स्थानों पर हैं। इन सबको भी संरक्षित व सुरक्षित रखने के लिए सरकार प्रयासरत है।

## मां करुणामाई पीठ में नवरात्रे महोत्सव का हुआ शुभारंभ

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** खंड के गांव सांपकीनंगली स्थित माता करुणामाई शक्ति पीठ में रविवार से नवरात्रे महोत्सव का शुभारंभ मंदिर के पीठाधीश्वर नंद बाबा के सानिध्य में प्रारंभ हो गया है।

जाने-माने समाजसेवी जयप्रकाश शर्मा, संजीव गुप्ता सर्राफ, धीरज सिंगला, पवन घोडारोप, नरेश घोडारोप, हनुमान शर्मा, विकास सिंगला, बसंत गुप्ता, भवनीश शर्मा, अमरनाथ शर्मा ने बताया कि मंदिर प्रांगण के भीतर आ से नवरात्रों के समापन तक प्रतिदिन प्रात- समय माता की आरती व श्री गुरू स्तुति के उपरांत दोपहर और सांय समय में भी नित्य शांति पाठ, मौन जाप व धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन होगा।

नवरात्रों के समापन वाले दिन प्रातः सर्वप्रथम पार्थेश पूजा, आरती, श्री गुरू स्तुति, भक्तों को टीका, श्री गणेश पूजन उपरांत, श्री देवी साहस्त्रनाम विश्व कल्याण हवन-यज्ञ का आयोजन होगा। इसके बाद नव दुर्गा कुमारी पूजन, शांति पाठ के बाद माता करुणामाई शक्ति पीठ प्रांगण में विशाल भंडारा आयोजित होगा।

रविवार से माता करुणामाई शक्ति पीठमें आरंभ हुए धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

बता दें कि नवरात्रों में इस पीठ के अंदर नवरात्रों के उपलक्ष्य में विशेष रूप से आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठान को लेकर नंगली के साथ-साथ सोहना बारही के अंतर्गत लगने वाले बारह गांवों नहेड़े के लोगों और दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल आदि दूरदराज प्रदेशों तक से श्रद्धालु सपरिवार ढोक लगाने आते है और नवरात्रों के दौरान पीठ के भीतर होने वाले धार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की आवभगत, सेवा-सत्कार व सुरक्षा, भोजन, अल्पाहार आदि समेत सभी व्यवस्थाएं खुद श्रद्धालु ही स्वयं ही संभालते हैं।

16 page 3_02.qxd 10/15/2023 9:41 PM Page 1

दैनिक भरोसा मित्र

# गुरुग्राम

03

www.dainikbharoosa.com | dainikbharosa | गुरुग्राम, सोमवार, 16 अक्टूबर 2023

अब गुरुग्राम में हर रोज होगा सुंदर कांड पाठ

अंदर देखे

तीन दिन होगी बैठक : ललित नागर

अंदर देखे

## खबर फटाफट

### माता की चौकी के साथ शुरु हुई न्यू कालोनी की रामलीला



**गुरुग्राम।** न्यू कालोनी स्थित श्रीगीता भवन की श्रीसनातन धर्मसभा द्वारा दशहरा ग्राउण्ड के प्रांगण में शनिवार रात्रि को 76वीं श्रीरामलीला मंचन का आयोजन माता की चौकी के साथ शुरु किया गया। रामलीला कमेटी के डायरेक्टर सुरेंद्र खुल्लर ने बताया कि माता की चौकी के दौरान युवा गायक मुनीष खुल्लर द्वारा माता के भजन प्रस्तुत किए गए, जिन पर दर्शक झूम उठे। बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों ने भजनों का खूब आनंद लिया। युवा मुनीष खुल्लर ने दुनिया चले न श्रीराम के बिना, श्रीराम जी चले न हनुमान के बिना भजन जैसे ही शुरु किया तो दर्शक झूम उठे। वहीं दूसरी ओर हनुमान जी के भजनों का भी गुणगान किया गया।

### द मौर्या स्कूल में स्टूडेंट शार्क पिच इवेंट में छात्रों का रहा अभूतपूर्व प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** द मौर्या स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में आगामी वैश्विक उद्यमी बनने का लक्ष्य रखने वाले युवा और प्रतिभाशाली लोगों के साथ स्टूडेंट शार्क पिच इवेंट, ट्रम्पिंग स्टार्स गुडगांव द्वारा चर्चा की गई। कार्यक्रम में बीकानेरवाला के निदेशक नवरतन अग्रवाल मुख्य रुप से शामिल हुए। युवा उद्यमियों ने नवोन्मेषी व्यावसायिक विचारों को अतिथियों के साथ साझा किया और वर्मी कम्पोस्ट, किशोरों और वयस्कों की जिज्ञासाओं को दूर किया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से महिलाओं में पीसीओएस का पता लगाने और संबोधित करने के लिए एक अभिनव दृष्टिकोण शामिल है। द मौर्या स्कूल के प्रिंसिपल ने इस पहल का हिस्सा होने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने युवा प्रतिभा को बढ़ावा देने और उद्यमिता के भविष्य को पोषित करने के महत्व पर जोर दिया। स्कूल में स्टूडेंट शार्क पिच इवेंट ने इस बेहतर कार्यक्रम की शुरुआत की। गुरुग्राम में यह पहला आयोजन है, जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्यमियों की अगली पीढ़ी तैयार करना है। कार्यक्रम की शानदार सफलता ने अपने इच्छित उद्देश्य को पूरा किया और इसमें भाग लेने वाले सभी लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी। इसने एक उज्जवल और अधिक नवोन्मेषी भविष्य के लिए मंच तैयार किया है, जहां युवा दिमाग जटिल समस्याओं को सुलझाने और सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। विजेता प्रतिभागियों को अतिथि नवरतन अग्रवाल ने पुरुस्कृत किया।

### रेहड़ी लगाकर सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**गुरुग्राम।** सडक़ पर अवैध रुप से रेहड़ी लगाकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस उपायुक्त दक्षिण सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार एसीपी बादशाहपुर प्रियांशु दीवान की देखरेख में व थाना प्रबंधक बादशाहपुर की पुलिस टीम द्वारा सोहना रोड पर बादशाहपुर क्षेत्र में सडक़ किनारे अवैध रूप से लगने वाली रेहडियों को हटवाकर वहां होने वाले अतिक्रमण को खत्म किया गया। सोहना रोड बादशाहपुर क्षेत्र में रोड के किनारे लगने वाली रेहडियों के अतिक्रमण से आमजन को यहां पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। रेहडियो का अतिक्रमण खत्म होने से अब आमजन को होने वाले परेशानियों से निजात मिली है। आमजन ने गुरुग्राम पुलिस की इस कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए गुरुग्राम पुलिस का धन्यवाद किया है।

### पुलिस ने रीत फाउण्डेशन के साथ चलाया जागरुकता कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत महिला सुरक्षा व साइबर सेफ्टी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुग्राम पुलिस और रीत फाउंडेशन द्वारा हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला सुरक्षा और नारी शक्ति के विषय पर आयोजित यह 5वा सेमिनार था। सहायक पुलिस आयुक्त प्रियांशु दीवान ने कहा कि डायल 112 एक विशेष एप्लीकेशन को महिला सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही तैयार कराया गया है, जिसके माध्यम से महिलाओं को इस ऐप पर उनकी डिटेल्स जैसे नाम, मोबाईल नंबर, पता एक बार अपडेट करना होगा, ताकि महिलाओं को शीघ्रता से सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सके और महिलाएं भी किसी भी समय असुरक्षित स्थिति महसूस करने आसानी से पुलिस से सहायता प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि कोई भी महिला जिसने अपने मोबाईल पर पहले से ही डायल 112 ऐप डाउनलोड कर रखी है और वह महिला जब भी पुलिस से सहायता मांगेगी तो उस महिला को अपना नाम मोबाईल नंबर व लोकेशन बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी, उस महिला का लोकेशन मोबाईल नंबर इत्यादि इस विशेष ऐप के माध्यम से पता चल जाएगा। इससे पीडित महिला को तत्परता से पुलिस मदद मिल सकेगी और यह ऐप अप्रिय अपराध को रोकने में पुलिस व पीडित की सहायता करेगी।

गांव मोलाहेड़ा में पूर्व मंत्री अजय यादव का किया भव्य स्वागत

# दक्षिण हरियाणा के विकास के नाम पर सिर्फ भाजपा ने किया गुमराह : कप्तान

### पूर्व मंत्री बोले, भाजपा राज में मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहे लोग

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरुग्राम लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं पूर्व बिजली मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव इन दिनों लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न कॉलोनी और गांव में ताबड़तोड़ सभाएं कर रहे हैं रविवार को उनके समर्थन में गांव मोलाहेड़ा के नंदकिशोर गुल्लू ने कैप्टन अजय सिंह यादव के समर्थन में एक सभा का आयोजन किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंकज डावर भी मौजूद रहे कार्यक्रम में पहुंचने पर क्षेत्र के लोगों ने उनका भी स्वागत एवं अभिनंदन किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार ने बीते 9 साल के शासनकाल के दौरान सिर्फ बयान बाजी और विकास कार्यों का वादा किया सच्चाई यह है कि भाजपा की सरकार में धरातल पर आम जनता के लिए एक भी कार्य नहीं हुआ आज लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं इस सरकार में भ्रष्टाचार की जड़े इतनी मजबूत हो चुकी है कि बिना खर्ची के उनके यहां कोई पर्ची नहीं चल रही यह सरकार बिना खर्ची और पर्ची की बात जो करती है उसे बात को आम जनता को समझने की जरूरत है आज आम जनता के कार्य सरकारी कार्यालय में क्यों नहीं होते क्योंकि आम जनता अधिकारियों और नेताओं को ईमानदार समझ कर जब उनके पास जाती है तो उसे दर-दर की ठोकरे खाने की सिवाह कुछ नहीं मिलता कैप्टन अजय यादव ने दावा किया कि आगामी सरकार देश और प्रदेश में कांग्रेस की बनने जा रही है कांग्रेस की सरकार बनते ही सभी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं लोगों को मुहैया कराने का कार्य किया जाएगा। मौके पर पंकज डावर, पर्ल चौधरी, केएस राव, लाल सिंह यादव, प्रवीण यादव, वीरेंद्र यादव, रिकू यादव डूनडाहेडा, सनी यादव, शमशेर सिंह, कुलदीप सिंह, जयपाल, प्रदीप, विजय, हरीश, सुमित यादव, मनोज अहूजा, रमन वर्मा, बिल्लू, हरीश वत्स, कमल आदि मौजूद रहे।

### साइबर सिटी को इस सरकार ने बना दिया कचरा सिटी : पंकज डावर

इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो गुरुग्राम को साइबर सिटी का दर्जा मिला शहर का इतना विकास हुआ कोई इसे मेट्रो सिटी तो कोई मिलेनियम सिटी कहता था लेकिन आज हालात यह है कि हमारे शहर को लोग कचरा सिटी कह रहे हैं भाजपा के 9 साल के शासनकाल ने तो इस शहर को कचरा सिटी ही बना कर रख दिया है प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आते ही फिर से गुरुग्राम का विकास तेजी से होगा और दोबारा से मेट्रो और सडकों का जाल बिछाया जाएगा मूलभूत सुविधाओं को आम लोगों तक पहुंचने का कार्य किया जाएगा।

# संयुक्त आयुक्त ने किया बंधवाड़ी प्लांट का दौरा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में रविवार को संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार बंधवाड़ी प्लांट पर पहुंचे। उन्होंने वहां पर सभी एजेंसियों द्वारा किए जा रहे लिगेसी वेस्ट निष्पादन साईटों का दौरा किया। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि लिगेसी वेस्ट का निष्पादन करने वाली एजेंसियां अपने कार्य में और अधिक तेजी लाएं क्योंकि पिछले कुछ दिनों से गति धीमी होने के चलते निर्धारित लक्ष्यों को पूरा नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि एजेंसियां यह सुनिश्चित करें कि उनको दी गई समयसीमा के भीतर वो अपना कार्य पूरा करें। अगर एजेंसी समय सीमा के भीतर कार्य पूरा नहीं करती है तो उन पर नियमानुसार जुर्माना व अन्य कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल काफी गंभीर है तथा हमें जल्द से जल्द लीगेसी वेस्ट का निष्पादन सुनिश्चित करना है। संयुक्त आयुक्त ने प्लांट के प्रत्येक हिस्से में जाकर मौका-मुआयना किया तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि प्लांट की सीमा के बाहर लीचेट का रिसाव किसी भी सूरत में नहीं होना चाहिए। उन्होंने लीचेट का सही से निष्पादन करने के निर्देश भी एजेंसी प्रतिनिधियों को दिए। उन्होंने कहा कि एजेंसियां यह सुनिश्चित करें कि टैंकरों के माध्यम से लीचेट को निर्धारित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर पहुंचाएं, ताकि बंधवाड़ी में लीचेट जमा ना हो। उन्होंने कहा कि कचरा निष्पादन के बाद निकलने वाले आरडीएफ, कंपोस्ट तथा इनर्ट का निष्पादन सही प्रकार से सुनिश्चित किया जाए। इनके निष्पादन में लगी गाडियों में जीपीएस लगा होना चाहिए।

# जजपा और आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता हुए भाजपाई

### हरियाणा भाजपा अध्यक्ष धनखड़ ने पार्टी का पटका पहनाकर किया भाजपा में स्वागत

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। सोनीपत व गुरूग्राम में जजपा और रोहतक में आम आदमी पार्टी को पहले नवरात्र में जबरदस्त झटका लगा है। इन दोनों पार्टियों के सैकडों कार्यर्ताओं ने भाजपा की रीति-नीति और पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में आस्था जताते हुए हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड की मौजूदगी में रविवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में भाजपा का पटका पहना। हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष धनखड ने पार्टी में शामिल हुए नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में अमृतकाल में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की यात्रा में सहयोगी बन रहे हैं। आपका भाजपा में स्वागत है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के साथ हर देश भक्त नागरिक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की यात्रा में शामिल होकर भागीदारी करना चाहता है। धनखड ने कहा कि आप मेहनत कीजिए, भाजपा राजपरिवारों की नहीं कार्यकर्ताओं की पार्टी है, इसलिए दुनिया का सबसे बढ़ा राजनीतिक दल बनकर उभरा है। भाजपा में कार्यकर्ता की पहचान उसके काम से होती है नाम से नही। रोहतक से भाजपा में शामिल होने वालों में आम आदमी पार्टी के रोहतक लोकसभा से जिला अध्यक्ष महाराज सिंह, पूर्व संगठन मंत्री रोहतक विधानसभा एवं एडवोकेट राजबीर सिंह, पूर्व यूथ प्रेजीडेंट लीगल एडवोकेट विकास लाकरा, जिला कोषाध्यक्ष आशीष धनखड, पूर्व जिला उपाध्यक्ष महिला विंग लतेश धनखड, विधानसभा सचिव कश्मीर राठी, एडवोकेट निखिल गोयल लीगल सेल, सचिव रामनिवास दलाल, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ से चंद्रभान, जिला सचिव यूथ विंग अंकित मल्हान, सुरेंद्र, मोहित समर्थकों सहित बडी संख्या में भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान पार्टी के रोहतक जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका भी मौजूद रहे। गुरुग्राम से जजपा के पूर्व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष साहब सिंह सोलंकी, पूर्व जिला सहसचिव गुरप्रीत सिंह, पूर्व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लीगल सेल प्रेम सिंह सहरावत, पूर्व जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ मनोज गुप्ता, युवा नेता बलराम हंस अपने लगभग पौने दो सौ समर्थकों सहित जजपा छोडकर भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान पार्टी जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड, प्रदेश सचिव मनीष यादव, जिलस महामंत्री मनीष गाडौली, महेश यादव, भाजपा नेता महावीर यादव व लख्मीचंद यादव भी मौजूद रहें। सोनीपत जिला व्यापार प्रकोष्ठ प्रधान एवं पूर्व हल्का प्रधान जजपा गोहाना नरेंद्र गहलावत ने समर्थकों सहित भाजपा में आस्था जताई इस दौरान पार्टी के जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा मौजूद रहे।

पूर्व चेयरमैन कुलदीप कटारिया ने की पोल खोलो अभियान की शुरुआत

# हर साल 600 करोड़ खर्च, फिर भी कूड़ाग्राम बना गुरुग्राम : कटारिया

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एंव पूर्व चेयरमैन कुलदीप कटारिया ने रविवार को गुरुग्राम के सेक्टर पांच से पोल खोलो अभियान की शुरुआत करते हुए भाजपा सरकार और निगम प्रशासन को आड़े हाथ लिया। अभियान के दौरान नगर निगम पर निशाना साधते हुए कुलदीप कटारिया ने कहा कि गुरुग्राम नगर निगम हर साल 600 करोड़ रुपये शहर की सफाई पर खर्च कर रहा है उसके बावजूद भी गुरुग्राम कूड़ा ग्राम बना हुआ है। पूर्व चेयरमैन ने कहा कि आज हालात ये है कि महानगर कहे जाने वाले इस शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है लोगों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है क्योंकि शहर के फुटपाथ व रोड पर कूड़े अटे हुए है। उन्होने कहा कि नगर निगम सफाई के नाम पर जो इतना भारी भरकम बजट खर्च कर रहा है वो जा कहा रहा है जबकि शहर में सफाई व्यवस्था तो न के बराबर है। क्योंकि नगर निगम के अधिकारी बिना काम कराये बिल पास कर लेते है। कुलदीप ने कहा कि वायदा खिलाफी करने वाली भाजपा को आज देश की जनता अच्छे से समझ चुकी है। इस सरकार की गलत नीतियों के कारण आज हर वर्ग परेशान है। उन्होने कहा कि जो हरियाणा कांग्रेस राज में देश में नम्बर वन कहलाता था आज वो बेरोजगारी और अपराध में नम्बर वन है।

### विकास यात्रा निकालने वाले सांसद साहब आज कहां है?

पूर्व चेयरमैन कुलदीप कटारिया ने स्थानीय भाजपा सांसद पर निशाना साधा। कुलदीप ने कहा कि जो भाजपा सांसद शहर में विकास यात्रा निकाल रहे थे वो अब कहां है? उन्होने कहा कि हाल ही में भाजपा सांसद शहर में झूठी विकास यात्रा निकाल रहे थे । सांसद साहब आज शहर का दौरा कर के दिखाए शहर के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिये तरस रहे है ।

### ये रहे मौजूद

पूर्व चेयरमैन ने पोल खोलो अभियान की शुरुवात गुड़गांव के सेक्टर 5 से की । इस अवसर पर किसान नेता चौधरी संतोक सिंह , युवा कांग्रेस महासचिव भरत मदान, अरुण शर्मा एडवोकेट , दीपक दहिया, उमेद कटारिया प्रधान बड़ा बाज़ार , सतीश साहू , परवीन सहरावत, गुरिंदरजीत सिंह अर्जुन नगर , मनीष शर्मा , तारा प्रजापति , गौरव शर्मा , आशु शर्मा , संदीप कटारिया , रवींद्र कुमार , पंडित इन्द्र देव , अमित कटारिया व काफ़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मोजूद रहें ।

## सिविल डिफेंस सेवा में शामिल हो स्वयंसेवक : एनसी शर्मा

**गुरुग्राम।** सिविल डिफेंस गुरुग्राम के पुनर्गठन, पुनर्संरचना एवं विस्तारीकरण के लिए चीफ वार्डन एनसी शर्मा चीफ वार्डन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सिविल डिफेंस गुरुग्राम के वरिष्ठ वार्डन शामिल हुए। एनसी शर्मा ने कहा कि सिविल डिफेंस की वार्डन स्वयंसेवकों की टीम गुरुग्राम प्रशासन के साथ सदैव बेहतर प्रयासों के साथ समाज की सेवा के लिए तैयार रहती है। इस टीम ने समाज सेवक की भूमिका निभाते हुए हर सम्भव आवश्यक कदम उठाये हैं ताकि इस नागरिक सुरक्षा की टीम को और बेहतर एवम सुदृढ बनाया जा सके। सिविल डिफेंस गुरुग्राम की टीम को ओर विस्तार देने के लिए अन्य स्वयसेवकों को भी शामिल किया जाएगा। कोई भी नागरिक इसमें शामिल होकर अपनी सेवा देना चाहता है तो वह सिविल डिफेंस गुरुग्राम के डिप्टी कंट्रोलर कार्यालय से संपर्क कर सकता है।

## अशोका शक्ति वेलफेयर सोसायटी के लोगों से नवीन गोयल ने की मुलाकात

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरुग्राम। सेक्टर 4 की अशोका शक्ति वेलफेयर सोसायटी में समाजसेवी संदीप गुप्ता के निमंत्रण पर भाजपा पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सैक्टर 4 के निवासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक हो कर आगे आने की अपील की। साथ ही सुंदरकांड पाठ आयोजन की जानकारी दी और स्थानीय समस्याओं को सुना व सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें और पौधों की देखभाल भी करें। संदीप गुप्ता ने नवीन गोयल का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अजय भारद्वाज, आरके पाहुजा, डा. एसके मानक, कैप्टन बलबीर सिंह, संजय नायर, आरके गुलाटी, गौरव जैन, विनोद अग्रवाल, मुकुल, अनिल तोमर, एमएम शर्मा आदि क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## रामलीला के प्रथम दिन श्रीराम दरबार की लीला का किया मंचन

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। भीम नगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर की श्री सनातन धर्मसभा द्वारा आयोजित 70वें श्रीरामलीला मंचन का आयोजन शनिवार रात्रि को किया गया। संस्था के प्रधान पवन पाहूजा व महासचिव किशोरीलाल डूडेजा ने बताया कि रामलीला की शुरुआत श्रीराम दरबार के साथ की गई, जिसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान आदि का दृश्य दर्शाया गया। उन्होंने बताया कि उस दौरान माता पार्वती वेष बदलकर भगवान श्रीराम से कहती हैं कि मुझे शंकर भगवान दिखाई नहीं दे रहे हैं। जिस पर भगवान श्रीराम ने लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न व हनुमान को अलग-अलग स्थानों पर भगवान शंकर को देखने के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न ने वापिस आकर बताया कि उन्हें भगवान शंकर कहीं दिखाई नहीं दिए। तत्पश्चात हनुमान जी ने सूचना दी कि भगवान शंकर उन्हें सरयू नदी के निकट तपस्या करते हुए मिले। जिस पर यह सुनते ही माता पार्वती ने कहा कि मुझे आप सरयू नदी पर ले जाकर भगवान शंकर से मिलवाएं। सभी लोग भगवान श्रीराम के साथ जाकर पहुंचे और भगवान शंकर के दर्शन किए। दर्शन करने के बाद माता पार्वती ने सभी का आभार प्रकट किया। उनके जाने के बाद माता पार्वती ने भगवान शंकर से कहा कि मुझे भगवान श्रीराम के बारे में विस्तार से कथा सुनाएं। मंच संचालक सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि इस दृश्य के बाद रामलीला कमेटी द्वारा रावण, कुंभकरण, विभीषण का प्रसंग दर्शाया गया। इस दौरान रावण ने भगवान ब्रह्मा से अजर-अमर रहने का वरदान मांगा। कुंभकरण द्वारा ब्रह्माजी से 6 माह सोने व एक दिन जागने का वरदान मांगा गया। इस दृश्य को दर्शाया गया। अंत में रावण -वेदवती संवाद दर्शाया गया।

**सम्मान** अशोक विहार व शीतला कालोनी के लोगों ने किया विधायक का सम्मान समारोह

# जनता ने जो जिम्मेदारी दी उस पर खरा उतरने का सदा प्रयास किया: सिंगला

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। अशोक विहार व शीतला कालोनी में सीवरेज की समस्या का स्थायी समाधान करवाने पर रविवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में क्षेत्र के सेंकड़ों लोगों ने विधायक का आभार जताया। समारोह से पूर्व सेक्टर-5 हुडा मैदान से पूर्व डिप्टी मेयर परमिन्दर कटारिया के नेतृत्व में सेंकड़ों बाइक सवारों ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में विधायक सुधीर सिंगला भी शामिल हुए। विधायक सुधीर सिंगला ने अपने कार्यकाल में किए गए जनहित के कार्यों को लेकर बात कही। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह से कार्य करते रहने के लिए जनता से वायदा किया। कहा कि वे गुरुग्राम से चंडीगढ़ तक जनता की सुविधाओं की बात करते रहे हैं और करते रहेंगे। विधायक ने कहा कि जनता ने ही उन्हें विधायक चुना और वे जनता के बीच से ही विधानसभा में पहुंचे हैं। जिन जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी, उस पर सदा खरे उतरने का प्रयास किया है। उन्होंने पूरी जिम्मेदारी के साथ कहा कि हो सकता है कुछ काम बाकी हों। वे हर काम को पूरा कराने के लिए सदा प्रयासरत रहते हैं। आम जनता को बिजली, पानी, सडक, सीवरेज की बेहतर व्यवस्था चाहिए, इन्हें बेहतर बनाने के लिए उन्होंने सदा काम किया है। आम जन की जनता दरबार लगाकर समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही निराकरण भी किया। उन्होंने कहा कि वे गुरुग्राम की जनता के आभारी हैं, जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया है। लोगों ने उनके समक्ष समस्याएं रखीं और उनका समाधान हुआ तो जनता ने भी आभार जताया है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि यह आभार के साथ जनता का प्यार है।समारोह में पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, भगत कटारिया, रमेश समोता, भगवान मलिक, खालिद खान, रणवीर यादव, बलविंद्र सिंह, दिनेश सिंह, संदीप मलिक, सुरेंद्र यादव, पवन नरवाल, रोशन लाल, सुरेंद्र मारूति, हरी नंदन, खेमचंद शर्मा, विकास हुड्डा, जुगल रैना, दिनेश सिंह, सुरेंद्र अहलावत, रविंद्र त्यागी, शशिकांत दुबे, अरुण देशवाल, देशराज, गोपाल चौधरी समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

16 page 4_01.qxd 10/15/2023 9:46 PM Page 1



## खबर फटाफट

### बेरहमी से गाड़ी में ले जाए जा रहे 3 ऊंटों को पुलिस ने कराया मुक्त

**तावडू ।** उपमंडल के गांव धुलावट केएमपी के समीप से पुलिस ने सूचना पर एक गाडी में बेरहमी से भर कर ले जा रहे 3 ऊंटों को पुलिस ने मुक्त कराया। पुलिस ने गाडी चालक के खिलाफ पशु करुरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस क्राईम की रोकथाम के लिए केएमपीपुल धुलावट पर मौजूद थी कि सूचना मिली कि एक व्यक्ति क्षमता से अधिक पशु भरकर लाता है। जो आज भी अपनी गाडी में क्षमता से अधिक ऊंट भरकर ला रहा है। पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी की तो कुछ समय बाद बिलासपुर की तरफ से एक गाडी आती दिखाई दी। जिसको रुकने का ईशारा किया तो गाडी चालक ने गाडी को पुलिस नाका से करीब 50 कदम पहले रोका। पुलिस ने गाडी सहित चालक को धर दबौचा और गाडी को चैक किया तो 3 ऊंटो को गर्दन व पैर बांधकर बेरहमी से भरे मिले। चालक का नाम पता पूछने पर उसने अपनी पहचान नूंह के गांव रामपुरी निवासी किफायत के रूप में कराई। पुलिस ने किफायत के खिलाफ पशु करुरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### बिजली की समस्या से ग्रामीण दुखी, प्रशासन से लगाई गुहार

**तावडू ।** उपमंडल के गांव राठीवास, उटोन, रंगाला व खोरी गांव में बिजली के अघोषित कटो से ग्रामीण परेशानियों में आ गए हैं। गांव में कई-कई घंटे बिजली कटौती ग्रामीणों के लिए परेशानी बन गई है। जिसका मुख्य कारण पॉवर हाउस राठीवास पर अधिक लोड का होना है। गांव रंगाला सरपंच मुकेश कुमार ने बताया कि जिसकी मुख्य वजह उटोन क्रेशर लाईन है। जिसको रोकने के लिए ग्रामीणों ने बहुत प्रयास किया पर संभव नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि उटोन क्रेशर के बाद अब जिंदल फैक्ट्री में भी राठीवास पॉवर हाउस से लाईन दी जा रही है, जिसका कार्य भी शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि बिजली पोल गुफा वाले मंदिर तक गढ़ गये हैं। ये कार्य होने से उनके गांवों में बिजली की स्थिति ओर भी ख़राब हो जायेगी। उन्होंने बिजली विभाग से समस्या के समाधान की मांग की है।

### धोलीदार भूमि पंजीकरण में उलंघन्न का मामला, पंजीकरण रद्द

तावडू । उपमंडल के गांव बुराका में राजस्व विभाग की करोडों रूपए की धोलीदार भूमि पंजीकरण में उलंघन्न का मामला आने के बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए पंजीकरण को रद्द कर दिया है। इस पंजीकरण को लेकर पिछले कई दिनों तक यह मामला सुर्खियों में रहा।

उल्लेखनीय है कि गत 10 अक्टूबर को उपमंडल के गांव बूराका राजस्व क्षेत्र में करोडों रूपए की करीब 6 ऐकड धोलीदार भूमि का नियमों को ताक पर रख पंजीकरण कर दिया गया था। जिसको लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम संजीव कुमार व स्थानीय तहसीलदार को लिखित शिकायत दी थी। ग्रामीणों का आरोप था कि दक्षिणी दिल्ली निवासी दुलीचंद ने बैनामा कर पंजीकरण करा दिया। जिससे ग्रामीणों ने विभिन्न आरोप लगाए। जहां प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए पंजीकरण रद्द कर दिया। तहसीलदार प्रदीप देशवाल ने बताया कि धोलीदारों की जमीन के पंजीकरण में कमी के चलते पंजीकरण को रद्द कर दिया गया है।

### प्रथम नवरात्र पर मां शैलपुत्री की उपासना की गई

तावडू । शारदीय नवरात्रे रविवार से आरंभ हुए। नवरात्र पर्व को लेकर माता मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में भी माता के पहले नवरात्र पर विधि विधान से लोगों द्वारा पूजा अर्चना की गई। मां दुर्गा के 9 स्वरुपों का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप को शैलपुत्री के नाम से जाना जाता है। प्रथम नवरात्रे पर आज उपासकों ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप मां शैलपुत्री की उपासना पूरे विधि विधान से की और मां दुर्गा के व्रत भी रखा। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि जो उपासक मां भगवती दुर्गा की शरण में आ जाते हैं, उनका कभी कोई अमंगल नहीं होता। मां दुर्गा की शक्तियां विषम रिस्थितियों में भी अपने उपासकों की रक्षा करती है। शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्मी मां दुर्गा के प्रथम रुप का नाम शैलपुत्री है। मां शैलपुत्री पार्वती और हेमवती नामों से भी जानी जाती हैं। मां का वाहन वृषभ है और इनके दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल है। मां भगवती की विशेष कृपा प्राप्ति हेतु षोडशोपचार पूजन के बाद नियमानुसार उपासकों को गाय का घृत मां को अर्पित करना चाहिए और फिर वह घृत ब्राह्मण को दे देना चाहिए। माना जाता है कि जो उपासक मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करते हैं, वे कभी रोगी नहीं होते। मां की पूजा अर्चना करने से मनवांछित फल मिलता है।

### तावडू का बस अड्डा शहर से दूर बनने के कारण पड़ा विरान

**तावडू ।** हरियाणा रोडवेज परिवहन विभाग की लापरवाही के चलते शहरवासियों को लंबे समय से भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। परिवहन विभाग सब कुछ जान कर अंजान बना है। विभाग ने तावडू बाईपास पर लगभग 9 वर्ष पहले बस अड्डा तो बना दिया, लेकिन बस अड्डा शहर से काफी दूरी पर व एकांत स्थान पर होने के कारण सवारी वहां तक नहीं पहुंच पाती हैं। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से हरियाणा रोडवेज की बसें शहर से चलाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि तावडू से सोहना, बिलासपुर, नूंह व भिवाडी क्षेत्र पंद्रह किलोमीटर के दायरे में आते हैं। तावडू से उक्त का किराया लगभग 20 रूपए है और तावडू बस अड्डे पर सवारी पहुंचाने वाला रिक्शा 20 रूपए सवारी ले लेता है। ऐसी स्थिति में सवारी बस स्टैंड पर न जाकर उक्त स्थानों से गंतव्य तक पहुंचने के लिए दूसरी सवारी पकड लेती हैं, सस्ती पडती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि यह बस अड्डा गलत स्थान पर बना है। जिसका क्षेत्रवासियों ने विरोध किया था और बस अड्डे को शहर में बनवाने का प्रयास किया था। क्षेत्रवासियों की मांग थी कि बस अड्डा शहर में बनाया जाए या विभाग की बसें शहर से होकर निकलें। क्षेत्र के प्रमोद कुमार, अनूप सहरावत, दिनेश कुमार, ऋतुराज, महेश कुमार, कर्मबीर सिंह, बलवंत कुमार, अनिल, गणेश, एडवोकेट मुकेश मक्कड, राजेश शर्मा आदि क्षेत्रवासियों ने परिवहन विभाग की बसों को शहर से सवारियां लेकर निकालने की मांग की है। उन्होंने बताया कि जब भी क्षेत्रवासी शहर से रोडवेज की बसें निकालने की मांग करते हैं, तो कुछ समय तो बसें चला दी जाती हैं। लेकिन फिर से रोडवेज कर्मचारी निजि बस चालकों से मिलीभगत कर बसों को बाईपास से निकाल देते हैं। जबकि यह दिखाया जाता है कि बसें बस अड्डे से होकर निकलती हैं और बस अड्डा है कि विरान पडा रहता है।

नशे के खिलाफ लोगों ने पुलिस प्रशासन से की गांव-गांव सर्च अभियान चलाने की मांग

# मेवात में लगातार बढ़ रही नशे की लत, सेहत से कर रहे हैं खिलवाड़

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। आज के दौर में मेवात में नशे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। मेवात का युवा नशे का शिकार हो रहा है, जिससे युवा नशे के चंगुल में फंसकर अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आज नशा मेवात में अपने पैर पसार चुका है। मेवात में छोटी उम्र के बच्चों को भी नशा करते देखा जा सकता है। नशे की लत में मेवात का भविष्य खतरे में पढ़ चुका है। अगर यही हालात रहे तो आने वाले 10 सालों में मेवात नशे की गिरफ्त में आकर पूरी तरह खत्म हो जाएगा। आज मेवात का युवा अनेकों तरह के नसों में लिप्त होकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहा है। आपको बता दे की मेवात का युवा शिक्षा के अभाव और बेरोजगारी के चलते ज्यादातर ट्रक चलाने का काम करते हैं। महीनो तक घरों से बाहर रहते हैं। परिवार से दूर रहकर डिप्रेशन में आकर ड्रग्स लेने लगते हैं। कई रातों तक जागने के लिए ड्रग्स का प्रयोग करते हैं ताकि ज्यादा पैसे परिवार के लिए कमा सकें। लेकिन इस तरह वह नशे के शिकार हो जाते हैं और जब मेवात लौटते हैं तो दूसरों को भी नशे का शिकार बनाने लगते हैं जिस वजह से मेवात में नशा अपने पैर पसार रहा है।

### 'उड़ता पंजाब' की राह पर है मेवात

मेवात का युवा अलग-अलग तरह का नशा करके मेवात को उड़ता पंजाब की राह पर ले जा रहा है। एक वक्त पर जैसे पंजाब का युवा नशे की गिरफ्त में था उसी तरह अब मेवात का युवा भी नशे का शिकार हो रहा है। नशे के लिए इंजेक्शन, कोरेक्स, तंबाकू, शराब, ड्रग्स, गांजा, चरस हर तरह का नशा आज मेवात के युवाओं तक बड़ी आसानी से पहुंच रहा है। जिससे मेवात बर्बादी की राह पर है। मेवात में हर गांव में मेवात के कुछ दबंग लोग नशे को आसानी से ऐसे युवाओं तक पहुंचा रहे हैं जो शिक्षा का अभाव और बेरोजगारी को झेल रहा है।

### शिक्षा का अभाव और बेरोजगारी है बड़ी वजह

आपको बता दें कि मेवात में कोई यूनिवर्सिटी नहीं है। जिसके कारण यहां शिक्षा का अभाव है। शिक्षा का अभाव और बेरोजगारी मेवात के युवाओं में नशे की लत लगने का एक बड़ा कारण है। मेवात का युवा रोजगार न होने के कारण डिप्रेशन का शिकार होकर नशे की तरह बढ़ता जा रहा है। शिक्षा के अभाव और बेरोजगारी के कारण नशा तस्करों के लिए मेवात का युवा एक आसान टारगेट बनता जा रहा है। इसी डिप्रेशन के कारण मेवात के युवा आसानी से नशा तस्करों के झांसे में आ जाते हैं। जिससे नशे की गिरफ्त में आकर पूरी तरह अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं।

### नशे का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की मांग

मेवात के सामाजिक संगठनों और मौजीज लोगों ने मेवात पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया से मांग करते हुए कहा कि मेवात के गांव में नशे का कारोबार करने वाले लोगों की दुकाने खुली हुई है। नशे का कारोबार करने वाले कुछ दबंग लोग हैं जिनकी शिकायत करने पर शिकायतकर्ता को ही खामियाजा भुगतना पड़ता है।

# कांग्रेस संगठन के गठन के लिए पर्यवेक्षक रहीम सौरा ने ली बैठक

**आफताब अहमद, इलियास व ललित नागर रहे साथ**

**प्रदेश में जल्द पूरा होगा संगठन का कार्य : रहीम सौरा**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों के मद्देनजर हरियाणा में भी कांग्रेस पार्टी धरातल पर संगठन खड़ा करने में जुट गई है। नूँह रेस्ट हाउस पर अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी द्वारा भेजे पर्यवेक्षक रहीम सौरा ने नूंह प्रभारी ललित नागर पूर्व विधायक की मौजदूगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं संग बैठक की। कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद मुख्य रूप से शामिल रहे उनके साथ पुन्हाना विधायक मौहम्मद इलियास, पूर्व विधायक शहीदा खान, पीसीसी सदस्य महताब अहमद, शरीफ अड़बर, शाहुन ऐडवोकेट आदि मौजूद रहे। पर्यवेक्षक रहीम सौरा ने कहा कि नूंह की तीनों विधानसभा क्षेत्र नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक मंडल व सेक्टर कमेटियों का गठन का कार्य किया जा रहा है। कांग्रेस के निष्ठावान व समर्पित सिपाहियों को संगठन में तरजीह दी जाएगी और प्रदेश में जल्द ही कांग्रेस के संगठन पर काम पूरा होगा। पुन्हाना विधायक मौहम्मद इलियास ने कहा कि हर विधानसभा को कई ब्लॉक, सैक्टर व मंडलों में बांटकर नए पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया जा रहा है, मेहनती व लगनशील कार्यकर्ताओं को संगठन में जिम्मेदारी देकर आगामी चुनावों की तैयारियाँ शुरू हो गई है, पार्टी अब चुनावी मोड में प्रदेश में कार्य कर रही है। इस दौरान कांग्रेस की सभी इकाईयों के जिम्मेदार सदस्य मौजूद थे।

### 16,17,18 अक्टूबर को होगी बैठक

नूंह प्रभारी व पूर्व विधायक ललित नागर ने बताया कि संगठन गठन के लिए ये बैठक आयोजित की गई है, 16 अक्टूबर को पुन्हाना, 17 को फिरोजपुर झिरका, 18 में कार्यकर्ताओं संग बैठक तावडू में होगी जिसमें स्थानीय विधायक व पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस विधायक दल उप नेता आफताब अहमद ने बताया कि लोक सभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए बड़े बदलाव किए हैं। सभी प्रदेश की टीमों में संगठन के स्तर पर कई नए पदाधिकारी शामिल किए जाएंगे। नए पदों में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और सैक्टर अध्यक्ष बनाए जांएगे। रायपुर शिविर में किए गए चिंतन के बादआला कमान ने यह बदलाव करने का फैसला सभी प्रदेशों के लिए किया था। पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया की देखरेख में संगठन गठन का कार्य तेजी से चल रहा है जो जल्द पूरा हो जाएगा।

खादी उत्पादन केंद्र की पैमाखेडा गांव से हुई शुरुआत

# फैशन डिजाइनर मोनिका अहलावत ने कटाई एवं सिलाई की दी जानकारी

**महिलाओं की आर्थिक स्थिति में होगा सुधार : प्रदीप अहलावत**

**सिंगार कलेक्टर में शामिल हैं 12 गांव**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित श्यामा प्रसाद मुखर्जी रंबन मिशन सिंगार क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले पैमाखेडा गांव में रविवार को कड़ी उत्पादन केंद्र की शुरुआत की गई। इस मौके पर जिला परिषद सीईओ प्रदीप अहलावत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके अलावा केंटाबिल के सलाहकार शलभ श्रीवास्तव एवं जानी-मानी फैशन डिजाइनर मोनिका अहलावत ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर महिलाओं को कटाई एवं सिलाई के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। आपको बता दें की नीति आयोग की सूची में हरियाणा का एकमात्र पिछड़ा जिला नूंह शामिल है। इस जिले में ग्रामीण महिलाओं को आजीविका से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास होते रहे हैं, इसी के चलते हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने रविवार को एक नई पहल की है। अब गांव की महिलाएं भी कटाई एवं सिलाई के काम में अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकती हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें अत्याधुनिक मशीनों के बारे में प्रशिक्षण लेना अति आवश्यक है। जिला परिषद सीईओ प्रदीप अहलावत ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है। इसके लिए पैमाखेडा गांव के पूर्व सरपंच भूरू ने अपने आवास में प्रशिक्षण केंद्र शुरू करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कामों से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार होगा। इलाके की सैकड़ों महिलाओं को इस केंद्र में प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार मिलेगा और देश की जानी-मानी कंपनियों में भी उनको कामकाज मिलेगा। इसके अलावा केंटाबिल के सलाहकार शलभ श्रीवास्तव ने कहा कि यहां से कामकाज सिखाने वाली महिलाओं को बड़ी कंपनियों में भी काम मिलेगा, लेकिन उससे पहले उन्हें कुशल कारीगर बनने के लिए प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता है। इसके अलावा मोनिका अहलावत ने खादी उत्पादन केंद्र में काम कर रही महिलाओं से जाकर मुलाकात की और उनको फैशन डिजाइनिंग के बारे में जानकारी दी। इस काम की शुरुआत होने से इलाके की महिलाओं के चेहरे पर भी खुशी देखने को मिली। उन्होंने कहा कि अब उनके सामने इस केंद्र में काम सीखने के बाद कम से कम रोजी - रोटी का संकट नहीं खड़ा होगा। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कुल मिलाकर अब जिले के पैमाखेड़ा गांव में खादी उत्पादन केंद्र की शुरुआत हो गई है। यह योजना केंद्र सरकार की है और सिंगार कलेक्टर में आने वाले 12 गांव के लिए है, लेकिन समय पड़ने पर अगर जिले के अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह की मांग आई तो उस पर हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विचार करेगा और ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को कामकाज से जोड़ने की कोशिश करेगा।

अब गुरुग्राम में हर रोज होगा सुंदर कांड पाठ

# भगवान परशुराम भवन में हुआ पहला पाठ का भव्य आयोजन, कोने-कोने से पहुंचे भक्त

**सबका साथ... सनातन की मजबूती को बढ़े हाथ**

**1008 पाठ के संकल्प के साथ टीम जीएल ने शुरू किया सनातन को बढ़ावा देने का अनूठा अनुष्ठान**

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। आज से गुरुग्राम में एक साल तक सुंदरकांड का पाठ का आयोजन होगा। टीम जीएल शर्मा की ओर से सुंदरकांड पाठ का सिलसिला आरंभ कर दिया गया। भगवान परशुराम भवन में पहले पाठ का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ो की संख्या में गुरुग्राम के कोने-कोने से राम भक्त पहुंचे। अब साल भर तक साइबर सिटी में भगवान श्री राम एवं हनुमान जी की महिमा का गुणगान जारी रहेगा।

साइबर सिटी के नाम से विश्व में प्रसिद्ध गुरुग्राम में मां दुर्गा के पहले नवरात्र से पहली बार एक अनूठा धार्मिक अनुष्ठान आरंभ हो गया है। टीम जीएल शर्मा की ओर से आज से सुंदरकांड के 1008 पाठ का आरंभ कर दिया गया है। पहले पाठ का भव्य आयोजन भगवान परशुराम भवन में किया गया। जहां सैकड़ो राम भक्तों ने पहुंचकर इस अनूठे धार्मिक अनुष्ठान में अपनी भागीदारी निभाई। गुरुग्राम के अलावा प्रदेश भर से कई धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारी ने भी इस भव्य अनुष्ठान में हिस्सेदारी की। शहर की विभिन्न आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी भी सुंदरकांड पाठ के पहले भव्य आयोजन में शरीफ हुए। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान श्री राम एवं हनुमान जी की कृपा प्राप्त की। अनुष्ठान में शामिल होने आए श्रद्धालुओं के लिए टीम जय शर्मा की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। सभी का भगवा पटका पहनकर एवं चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। करीब 4 घंटे तक चले कार्यक्रम में गुरुग्राम के कोने-कोने से राम भक्त पहुंचे और श्री राम में हनुमान जी की कृपा के पात्र बने।

बता दें की टीम जीएल शर्मा की ओर से देश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ अयोध्या में बन रहे भगवान श्री राम के भव्य मंदिर की खुशी में साल भर तक चलने वाला यह अनुष्ठान कराया जा रहा है। 1 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का उद्घाटन होगा। गुड़गांव वीडियो के साथ ऐसी की खुशी को दोगुना करने के लिए सुंदरकांड पाठ के आयोजन का कार्यक्रम तय किया गया है।

सुंदरकांड पाठ के आयोजन से पहले हरियाणा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एम डेयरी सहकारी विकास प्रसंघ के पूर्व चेयरमेन जीएल शर्मा ने मुफ्त चिकित्सा शिविर का शुभारंभ भी किया। इस चिकित्सा शिविर में विभिन्न बीमारियों के मरीजों की मुफ्त जांच की गई एवं उन्हें दवाइयां वितरित की गई। विभिन्न अस्पतालों के सहयोग से लगाए गए शिविर में कई बीमारियों के विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। जीएल शर्मा ने कहा कि सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन की माहिती आवश्यकता है। टीम दो-तीन महीने से सुंदरकांड के पाठ की तैयारी कर रही थी। भगवान श्री राम एवं हनुमान जी की कृपा से आज से यह सिलसिला आरंभ हो पाया है। अगले 1 साल तक लगातार पूरे गुरुग्राम में सुंदरकांड के पाठ का सिलसिला जारी रहेगा। टीम कर से 1008 पाठ का संकल्प लिया गया है। लोगों के घरों से लेकर पार्कों, सामुदायिक केंद्रों, सामाजिक सार्वजनिक स्थानों जैसे धर्मशाला आदि में भी सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक संस्थाओं के साथ-साथ आरडब्ल्यूए क्या इसमें सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने पहले पाठ के आयोजन में शामिल होने आए श्रद्धालुओं का हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि सुंदरकांड का पाठ दुखों का हरण करने वाला और सुख दाता है। टीम ने जो संकल्प लिया है उसे पूरी निष्ठा और भक्ति भावना के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने अपनी टीम को आज के भव्य आयोजन के लिए बधाई भी दी और कहां की साल भर तक गुरुग्राम में भगवान श्री राम एवं हनुमान जी की भक्ति का सिलसिला बददस्तूर जारी रहेगा, इससे बड़ी बात कोई नहीं हो सकती। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं, आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के साथ कोने-कोने से आए राम भक्तों का आभार प्रकट किया।

# तावडू में व्यक्ति ने 2 लोगों पर लगाए विभिन्न आरोप, मामला दर्ज

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । उपमंडल के गांव सुनारी निवासी एक व्यक्ति ने अपने ही गांव के पती व पत्नी पर उसे व उसकी पत्नी को मारपीट कर चोटिल करने सहित अन्य आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीडित व्यक्ति की शिकायत पर नामजद 2 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव सुनारी निवासी ओसामा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत 10 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे के लगभग वह अपने घर पर था। उसी समय उसी के गांव की अन्जुम आई और उससे कार की चाबी को मांगने लगी और कहने लगी कि गाडी को जाहुल मांग रहा है। उसने उसको गाडी की चाबी देने से मना कर दिया तो अपने पति मांग जाहुल उर्फ फौजी को बुलाकर लेकर आई। अन्जुम के हाथ मे लाठी थी व जाहुल के हाथ मे कुल्हाडी थी और उन्होंने आते ही उसकी गाड़ी में तोड फोड करनी शुरु कर दी। उसने विरोध किया तो जाहुल ने अपने हाथ मे ली हुई कुल्हाड़ी से उसके सिर पर जान लेवा वार किया व उसकी पत्नी ने कमर पर लाठी से वार किया। जिससे मेरी कमर मे गुम चोट आई। उसके बाद जब उसकी पत्नी बचाव करने लगी तो उक्त ने उसे भी घूसों व थप्पडों से मारा, जिसे भी चोट आई। शोर सुनकर मौके पर गांव के आस पड़ोस के लोग आ गये और उन्हें बचाया। उक्त ने धमकी देते हुए कहा कि आज तो तुम बच गये हो अगर आज के बाद उन्हें मौका मिला तो को जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने ओसामा की शिकायत पर उक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### गांव के लोगों पर लगाए मारपीट करने सहित कई आरोप

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । उपमंडल के गांव धुलावट निवासी एक व्यक्ति ने अपने ही गांव के 6 नामजद सहित अन्य लोगों पर उसे व उसके परिवार को मारपीट कर चोटिल करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीडित व्यक्ति की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव धुलावट निवासी फारूख ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसी के गांव के रफीक, मुबीना, रासौद, आफताब, तसलीमा, खुशाल व अन्य जो रफीक उसका छोटा भाई है जो उसके साथ जमीनी विवाद रखता है। उक्त उसके हिस्से की जमीन को भी कब्जाने की नीयत रखते हैं। गत 13 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे के लगभग में वह अपनी पत्नी मैमूना के साथ अपने हिस्से की जमीन में कासनी काश्त करने के लिए ट्रैक्टर लेकर गया था। जब वह खेत पर पहुंचे तो उक्त लाठी, डंडे, फरसा, कुल्हाडी वगैरा लेकर झगडा करने की नीयत से तैयार खड़े थे।

पानी की समस्या

विकास का दावा करने नहीं दूर पाए इस बुनियादी सुविधा की कमी

# पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं गांव मरोड़ा, छावा और निजामपुर के लोग

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। नूंह जिला मुख्यालय से मात्र पांच किलोमीटर की दूरी पर बसे गांव मरोड़, छावा और निजामपुर के लोग पिछले 15 सालों से लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं। लेकिन विभाग को बार-बार शिकायत करने पर भी पीने के पानी की बूंद इन गांवों में नहीं पहुंच पा रही है। जिससे इन गांवों के लोगों में सरकार और प्रशासन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। इतना ही नहीं इन गांवों के लोगों को अपने घरों में बनाएं गए पानी के टैंकों में 1500 रुपए से लेकर □2000 तक पीने का पानी का टैंकर द्वारा अपने टैंकों में गिरवाना पड़ रहा है जिससे उन्हें आए महीने पीने के पानी के लिए काफी पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार पीने के पानी के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन अधिकारियों का ग्रामीणों को ना तो कोई संतोषजनक जवाब मिला है और ना ही उन्हें पीने का पानी मिला है। गांव के ब्लॉक समिति मेंबर सौकत हुसैन निजामपुर, अब्बास सरपंच, मास्टर वाजिद, साजिद सरपंच, जब्बार ,याकूब, यूनुस नंबरदार ,शरीफ ,खुर्शीद, परवेज आलम एडवोकेट, जुबेर खान ,सूबेदार आदि ने बताया कि वह कई बार विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने पहुंचे, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके गांव में पीने का पानी के लिए बोर लगाया है लेकिन अभी बिजली की टंकी लगाने के लिए अप्रूवल नहीं मिली है और उन्होंने उनकी फाइल अप्रूवल के लिए चंडीगढ़ भेजी हुई है। जिससे उन्हें पीने के पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि जब उन्हें बिजली की टंकी लगाने की अनुमति मिल जाएगी तो पानी का कनेक्शन बिजली से जोड़ दिया जाएगा।

### दो हजार रुपए में मिलता है पानी का टैंक

ग्रामीणों ने बताया कि जिन लोगों ने अपने घरों में पानी के टैंक बनवाए हुए हैं वह लोग पानी के टैंकरों से पैसे देकर पानी का टैंक भरवाने का काम कर रहे हैं। जिससे एक पानी का टैंकर एक घर के लिए लगभग 2000 रुपए में पानी डालने का काम करता है। लेकिन जो लोग गांव में गरीब हैं उन लोगों को पीने के पानी के लिए सर पर मटके रखकर दूर-दूर से ही पानी लाना पड़ता है। जिससे महिलाएं काफी परेशानियों का सामना कर रही हैं।

### दूर दराज से पीने का पानी लाने को मजबूर हैं गांव की महिलाएं

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने का पानी न होने के चलते महिलाओं को दूर दराज से पानी लाना पड़ता है। जिससे महिलाओं के सर के बाल भी उड़ने लगे हैं। इतना ही नहीं महिलाएं सारे दिन पानी की तलाश में कई किलोमीटर दूर जाकर पीने का पानी लाने के लिए मजबूर हो रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में पिछले 15 सालों से पीने के पानी की भारी समस्या है लेकिन प्रशासन और सरकार उनके गांवों में पीने के पानी को लेकर गंभीर नहीं है। जिससे महिलाओं को सारे दिन पीने के पानी के चलते काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### क्या कहते हैं गांव के ब्लॉक समिति मेंबर

इन गांवों के ब्लॉक समिति मेंबर शौकत हुसैन का कहना है कि उन्होंने कई बार विभाग के अधिकारियों से पीने के पानी की शिकायत की है, लेकिन अभी तक उनके गांव में पीने का पानी मुहैया नहीं कराया गया है। जिससे इन गांव में पीने के पानी की भारी समस्या उत्पन्न है।

16 page 5_01.qxd 10/15/2023 9:47 PM Page 1



## खबर फटाफट

### राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार करने में किसी भी हद तक गिर सकते हैं भाजपाई

**रेवाड़ी।** स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा के इस बयान की कड़ी आलोचना की की राहुल गांधी ट्रक ड्राइवरों के पास अफीम खाने जाते हैं।

विद्रोही ने कहा ऐसा बयान देकर भाजपा नेता रामबिलास शर्मा ने खुद ही साबित किया भाजपा फासिस्ट, झूठी, अफवाहबाज, षडयंत्रकारी पार्टी तो है ही साथ में भाजपा राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार करने किसी भी हद तक गिर सकती है। जिस तरह रामबिलास शर्मा ने हिसार में एक प्रेस वार्ता में राहुल गांधी पर ट्रक ड्राइवर के पास अफीम खाने जाने का आरोप लगाया वह अभद्रता, असभ्यता की तो प्रकाष्ठा है ही, साथ में यह भी बताता है कि भाजपा के नेता मानसिक रूप से कितने बीमार है। ट्रक ड्राइवरों व मैकेनिकों की समस्या जानने उनसे किए गए राहुल गांधी के संवाद का सार्वजनिक मजाक उड़ाकर रामविलास शर्मा ने देश भर के ड्राइवरों को अफीम खाने वाला बताकर न केवल ड्राइवरों व मेहनतकशों का घोर अपमान किया है, अपितु शालीनता की सभी मर्यादाएं भी पार कर दी है।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

रेवाड़ी। हरियाणा मत्स्य पालन विभाग द्वारा जलीय कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के दौरान इच्छुक प्रार्थियों से मत्स्य पालन के लिए 28 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। डीसी अशोक कुमार गर्ग ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पीएमएमएसवाई के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के दौरान इच्छुक किसान पट्टा जमीन में मत्स्य पालन का कार्य करना चाहते है उनके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी ने बताया कि किसान पीएमएमएसवाई स्कीम के तहत मीठे पानी में मछली पालन हेतू तालाब का निर्माण, लवणीय व क्षारीय भूमि में तालाब का निर्माण (खारा पानी) आरएएस यूनिट की स्थापना 2 टन, 8 टन व 20 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता का फिड मील, बैकयार्ड मिनी आरएएस यूनिट की स्थापना इत्यादि में मछली पालन व यूनिट की स्थापना कर सकता है। उन्होंने बताया कि पीएमएमएसवाई योजना के अंतर्गत निर्धारित परियोजना लागत में सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को 40 प्रतिशत अनुदान तथा महिला एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लाभार्थियों को 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इस योजना में अधिक से अधिक लघु एवं सीमान्त मत्स्य पालक कवर किए जाएंगे।

### शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से शक्ति की उपासना का पर्व है-नवरात्रि कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, राजकुमार जलवा खंड शिक्षा अधिकारी जाटूसाना, समाज सेवी आदर्श राजपाल व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि नवरात्रि का पर्व धार्मिक दृष्टि के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इन दिनों शरद ऋतु के मौसम का आगमन होने लगता है। इन नौ दिनों में उचित फलाहार व संयमपूर्वक जीवन से आने वाले मौसम में अच्छे स्वास्थ्य के लिए हम अपने को तैयार कर लेते हैं। संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता, एडवोकेट प्रदीप डागर, डॉक्टर बलबीर अग्रवाल व सहसंयोजक प्रवीण ठाकुर ने कहा कि मां दुर्गा शेर पर सवार है। शेर प्रतीक है महान चरित्र का, संकल्प का। कोई भी नारी शुभ संकल्प के साथ जीवन में कुछ विशेष करने का प्रयास करती है तो उसकी सफलता भी आसमान को छूने लगती है। महिला संयोजक शशि जुनेजा, एडवोकेट दिव्या राजपाल, मुकेश कुमारी, मधु गुप्ता व रीटा गेरा ने कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों में घरों में अपने बच्चों के साथ नियमित प्रात- मां दुर्गा की आरती व सायं संध्या वंदन मिलकर करने से घर का वातावरण सकारात्मक बनता है। सभी ने मिलकर डांडिया नृत्य का आनंद लिया। बच्ची प्रिंसी, जानवी व पूर्वांशी ने मां दुर्गा बनकर सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। अतिथियों को मां दुर्गा के चित्र व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस मौके पर राजेंद्र गेरा, हिमांशु, सुरेंद्र सूर्या, जगदीश मखीजा, भारत भूषण समेत अनेक साधक मौजूद थे।

### राकेश उर्फ रक्कू चौथी बार सिद्धपीठ श्री महाकाली मंदिर के प्रधान चुने गए

**फरीदाबाद।** सिद्धपीठ श्री महाकाली मंदिर तिकोना पार्क बस स्टैण्ड के आज सम्पन्न हुए चुनावों में राकेश कुमार उर्फ रक्कू चौथी बार प्रधान चुने गए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी अमित कुमार को तीन मतों के अन्तर से पराजित किया। जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त किए गए रिटार्निंग अफसर सुबोध नागपाल, प्रशासक संतपाल, ओब्जवर के रूप में राजीव गुप्ता, सहायक रविन्द्र चावला, सतबीर दहिया के नेतृत्व में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। विजयी घोषित हुए पदाधिकारियों को रिटार्निंग अफसर सुबोध नागपाल, प्रशासक संतपाल, ओब्जवर के रूप में राजीव गुप्ता ने विजयी पत्र सौंपा। सुबोध नागपाल व संतपाल के अनुसार प्रधान पद के लिए कुल 78 मत पड़े जिनमें राकेश दिवाकर को 39, अमित कुमार को 36 तथा तीन वोट रद्द हुए। वाइस प्रैंसीडेंट पद के लिए 78 जिनमें से संजय कुमार को 48, दीपक कुमार को 26 मत मिले तथा चार मत रद्द हुए। सचिव पद के लिए 78 मत डाले गए जिनमें से अमित को 38 तथा गौरी शंकर को 36 मत प्राप्त हुए जिसमें 4 मत रद्द हुए। इसके अलावा जरनल सैकेट्री रमेश कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश अग्रवाल, दलपति सागर, वाइस दलपति संजय कुमार को चुना गया। इन पदों के लिए मतदान नहीं हुए थे।

### सोहना अनाजमंडी में बाजरे की खरीद कार्य ने पकड़ा जोर,जगह पड़ रही कम

**सोहना।** सोहना जोन के एसडीएम प्रदीप कुमार के अनुसार सोहना अनाजमंडी में बाजरे की खरीद का कार्य तेजी से जोर पकड़ गया है। विभिन्न गांवों के किसान अपने उपजाए गए बाजरे को बेचने के लिए मंडी में ला रहे है। उन्होने बताया कि किसानों के बाजरे की खरीद सरकारी एजेंसी कर रही है। गल्ला व्यापारियों का कहना है कि अनाजमंडी में बाजरे की जबरदस्त आवक आ रही है। मार्किटकमेटी अधिकारी प्रदीप शर्मा ने किसानों से भी आग्रह किया है कि वह अपने बाजरे को सुखाकर साफ-सुधरा लाए ताकि सरकारी खरीद एजेंसी मंडी में लाए गए बाजरे की हाथोंहाथ खरीद कर सके। साथ ही देखने में आ रहा है कि अनाजमंडी में बाजरा लाने किसानों को बाजरा डालने के लिए जगह की कमी पड़ रही है। बाजरा खरीदने के लिए सरकारी खरीद एजेंसी बाजरा तो खरीद कर रही है लेकिन खरीद के अनुपात में उठाव नही हो पा रहा है। मंडी में जहां-तहां खरीदे गए बाजरे के बोरे खुले आसमान के नीचे चौड़े में पड़े हुए है। जिन्हे बंदर फाड़ रहे है और आवारा पशु इन बोरों को फाड़कर फसल चट करने का काम कर रहे है लेकिन अभी तक भी बाजरा उठाव कार्य बहुत ही धीमी गति से होने से आढ़ती व किसान दोनों परेशान है।

रेवाड़ी अग्रवाल सभा की ओर से भगवान अग्रसेन चौक पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# शोभा यात्रा निकाल दिया नशा मुक्ति का संदेश

भरोसा मित्र,ब्यूरो

रेवाड़ी। रेवाड़ी अग्रवाल सभा के तत्वावधान में भगवान अग्रसेन चौक पर भगवान अग्रसेन को पंचमृत से स्नान, माल्यार्पण के पश्चात ध्वजारोहण किया गया। पूजा एवं के पश्चात मुख्य बाजारों से होते हुए भव्य रथ यात्रा निकली गई। जिसका व्यापारियों ने रास्ते में जोरदार स्वागत किया।

डीएसपी संजीव बल्हारा तथा समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा का को रवाना किया। अग्रवाल सभा प्रधान राधेश्याम गुप्ता व जयंती चेयरमैन सुरेश कुमार ने भगवान अग्रसेन को माला अर्पण की। महासचिव विनयशील गोयल, उपप्रधान मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, सह सचिव बनवारी लाल, सह चैयरमैन सोनू अग्रवाल ने पंचामृत से स्नान कराया। चौक पर केक काटकर भगवान अग्रसेन का जन्मदिवस भी मनाया गया। डीएसपी संजीव बल्हारा ने कहा कि नशे के

नाश के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए, ताकि रेवाड़ी को नशा मुक्त बनाया जा सके। नशामुक्ति का संदेश देते हुए निकाली गई शोभा यात्रा का कहीं पर छबील, कहीं पर जलपान एवम पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया गया। इस रथयात्रा का महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में प्रसाद के साथ समापन किया गया। सैंकड़ों की संख्या में अग्र बंधुओं ने यात्रा में भाग लिया। इसी कड़ी में शाम को दीपोत्सव मनाया गया। 22 अक्टूबर को बालभवन में प्रतिभा सम्मान समारोह एवम डांडिया का कार्यराम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर समाजसेवी बृजलाल गोयल, गिरीश सिंगला, सत्येंद्र प्रसाद, वेद अग्रवाल, अशोक कुमार, अरुण गुप्ता, रवेश बंसल, एडवोकेट राकेश गुप्ता, रिपुदमन गुप्ता, राजेंद्र सिंघल पार्षद, जितेंद्र जिंदल, रामकिशन, दिनेश गोयल, संचित सिंगला, पुरुषोत्तम गोयल, संदीप गोयल, जितेंद्र जिंदल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, नरेश मित्तल, दीपक अग्रवाल पाल्हवासिया, मनोज गोयल गुडियानिया, रमेश मित्तल, डॉ पीसी सिंगला, डॉ संजय अग्रवाल, बीडी अग्रवाल, एडवोकेट लोकेश गोयल, उमा अग्रवाल, महिला प्रधान कंचन गोयल, सुनीता अग्रवाल सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भविष्य तलाश रहा आज का युवा

**कोसली विधायक ने क्रिकेट अकादमी के शुभारंभ पर क्रिकेट खेल युवावस्था की यादें की ताजा**

भरोसा मित्र,ब्यूरो

रेवाड़ी। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने रेवाड़ी के सेक्टर-18 स्थित नेक्सट जनरेशन क्रिकेट अकादमी का रिबन काटकर शुभारंभ किया। कोसली विधायक ने क्रिकेट खेलकर अपने युवावस्था के दिनों की याद को भी ताजा किया। इस अवसर पर कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि क्रिकेट आज पूरे देश में सबसे लोकप्रिय खेलों में शुमार हो चुका है। यहां तक कि एक जुनून तक बन चुका है। इस समय क्रिकेट का विश्व कप भी भारत में ही आयोजित किया जा रहा है, ऐसे समय में क्रिकेट अकादमी का प्रारंभ होना काफी शुभ संकेत हैं। उन्होंने कहा कि आज का युवा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपना भविष्य तलाश रहे हैं। क्षेत्र के खिलाडियों में भी प्रतिभाएं कूट-कूटकर भरी हुई है, आवश्यकता सिर्फ उन्हें उचित मंच प्रदान करने की है। उन्होंने अकादमी संचालकों से भी आह्वान किया कि वे क्षेत्र की प्रतिभाओं को सामने लाकर उन्हें आगे बढने के सभी अवसर प्रदान करें, ताकि अकादमी व क्षेत्र का नाम रोशन हो सके। कोसली विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश की भाजपा सरकार की खेल नीतियों को जमकर सराहा जा रहा है। आज खेल तथा खिलाडियों को बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए एशिया गेम्स में भी हरियाणा के खिलाडियों का डंका बजा, यह इसका जीता जागता उदाहरण हैं। उन्होंने अकादमी के संचालकों को बधाई देते हुए कहा कि इस कदम से क्षेत्र में क्रिकेट खेल को और विस्तार मिलेगा तथा युवाओं को आगे बढने का मंच भी मिलेगा। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों की ओर से मुख्य अतिथि कोसली विधायक का फूलमालाओं, पगड़ी तथा स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला पार्षद भूपेंद्र यादव, बिजेंद्र यादव, अनिल सरपंच मूंदी, मनोज पहलवान पूर्व सरपंच, परमहंस सरपंच रामपुरी, निक्कू यादव, प्रताप नंबरदार मूंदी, मुकेश मूंदी, सत्यपाल मास्टर व रामकिशन एडवोकेट सहित काफी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

# किशनगढ़ बालावास पर राहगीरी का आयोजन किया गया

भरोसा मित्र,ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा उदय आउटरिच कार्यक्रम के तहत गांव किशनगढ़ बालावास में रेलवे स्टेशन के निकट राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर बिजेंद्र कुमार ने मंच संचालन करते हुए सरस्वती वंदना से की। उप पुलिस अधीक्षक शहर पवन कुमार की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में आस पास के गांवो के लोगों भारी भीड़ पहुंची। करीब दो घंटे चले राहगीरी कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ बुजुर्गों ने भी मस्ती की। पुलिस विभाग की ओर से लोगों का मनोरंजन कर उन्हें तनाव मुक्त करने व नशा व साइबर ठगी से जागरूक करने का संदेश दिया गया। राहगीरी में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया तथा भिन्न-भिन्न स्कूलों के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में डीएन पब्लिक स्कूल बालावास जमालपुर की छात्रों ने हरियाणवी नृत्य, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बीकानेर की छात्रों ने देशभक्ति गीत, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बुढपुर के बच्चों ने सोलो डांस, ग्रुप डांस व देशभक्ति रागनी और

भारतीय विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल किशनगढ़ ने ग्रुप डांस और सोलो डांस प्रस्तुत किए। एसजीवीएम स्कूल कुतुबपुर ने पेड़ लगाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। बीकानेर के योगाचार्य दयाराम के सहयोग से बीकानेर की छात्राओं ने योग का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। एसबीएस जोविसल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेवाड़ी के बच्चों ने स्पीच और डांस, गवर्नमेंट हाई स्कूल जैतपुर के बच्चों ने देशभक्ति गीत, राव बहादुर सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेवाड़ी के बच्चों ने नृत्य व दिव्या भारद्वाज ने सिंगल डांस प्रस्तुत किया। ऑप्टोमेट्रिस्ट संजय रोहिल्ला ने लोगों की नेत्र जांच की तथा ग्रामीणों को आंखों के रख-रखाव संबंधी विस्तृत जानकारी दी। उप पुलिस अधीक्षक पवन कुमार ने कहा कि राहगीरी कार्यक्रम पुलिस और जनता में दुरी मिटाने के साथ-साथ रेवाड़ी को नशा मुक्त बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा। सभी के प्रयास से समाज को नशा मुक्त बनाया जा सकता है। जिससे युवाओं के भविष्य को खराब होने से बचाया जा सकता है। इस मौके पर सीएमओ सुरेंद्र यादव, बीईओ सत्यपाल धूपिया, सीएलजी के चेयरमैन सुनील भार्गव, मनोज गोयल, प्रोफेसर बिजेंद्र सिंह, राजेश कुमार, रामावतार यादव, मुकेश दत्त, प्रवीण भारद्वाज, जिला पार्षद धनीराम मेहरा व आस पास के गांवो के सरपंच व ग्रामीण मौजूद रहे।

# नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

भरोसा मित्र,ब्यूरो

रेवाड़ी। महिला थाना पुलिस ने जिला गुरुग्राम की एक महिला को नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी युवक की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव ढाना निवासी मोहित पुत्र सतबीर के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि जिला गुरुग्राम की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 जून 2023 को उसकी बात मोहित यादव के साथ हुई थी। जिसने बताया कि उसकी पहचान उच्च अधिकारियों के साथ है व कहा कि आपको अच्छी जॉब दिला देगा। 11 अक्टूबर को मोहित ने उसे रेवाड़ी नौकरी दिलाने का झांसा देकर बुलाया। इसके बाद आरोपी उसे गढ़ी बोलनी रोड स्थित एक होटल में लेकर गया। जहा उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और किसी को भी इस बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पुलिस ने महिला की शिकायत पर महिला थाना में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी मोहित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# पुलिस ने लगाई बस स्टैंड व मॉल में जागरूकता पाठशाला

**आमजन को किया साइबर सुरक्षा बारे जागरूक**

भरोसा मित्र,ब्यूरो

रेवाड़ी। अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाए जाने के क्रम में रविवार को साइबर थाना पुलिस टीम ने बस स्टैंड, विशाल मॉल ब्रास मार्किट व बीएमजी मॉल में पुलिस पाठशाला लगाकर आमजन को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया।

साईबर थाना से एसआई राहुल व उनकी टीम ने साईबर अपराधों से बचने की विशेष जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर आप अपने बैंक खाता, कैडिट-डेबिट कार्ड की जानकारी सांझा ना करे। अपने फेसबुक व्हटसप पर

टू स्टैप वैरिफिकेशन जरूर लगाय। अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम के अकाउंट को प्राईवेट रखें व ओटीपी किसी से भी शेयर ना करे और ना ही लालच में आकर अपनी बैंक सम्बन्धी जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति को साझा करें। उन्होंने कहा कि अपनी जमा पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए महीने में एक बार अपने गूगलपे, एटीएम व अन्य ऑनलाइन पेमेंट एप्प का पासवर्ड बदले। आज का युग मोबाईल व इंटरनेट का युग है साइबर अपराधी आपको तरह तरह के लालच देकर आपको अपने झांसे में फसाने की कोशिश करता है। जो व्यक्ति साइबर अपराधों बारे जागरूक है वह इन साइबर अपराधियों के झांसे में नहीं आता व जिस व्यक्ति को साइबर अपराधों बारे जानकारी नहीं है वह मोबाइल के एक गलत क्लिक से साइबर अपराधियों द्वारा ठगा जाता है आज के समय में हम सभी को साइबर अपराधो बारे जागरूक होना बहुत जरूरी है। इस मौके पर एएसआई गोविन्द व सिपाही अशोक कुमार भी मौजूद रहे।

# शिविर में 96 रोगियों का स्वास्थ्य जांचा

भरोसा मित्र,ब्यूरो

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा द्वारा गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 96 रोगियों का विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांचा। सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव के अनुसार इस बार के शिविर मे 96 मरीजो को निशुल्क परामर्श दिया गया तथा फ्री दवाईया भी प्रदान की गई। शिविर मे डॉक्टर एसपी यादव, डॉक्टर अजय यादव, डॉक्टर गौरव यादव, डॉक्टर सुरेंद्र यादव व डॉक्टर अजीत यादव ने अपनी सेवाए प्रदान की। शिविर को सफल बनाने मे डाक्टर यशपाल यादव, अमर सिंह यादव व विक्रम आदि ने विशेष योगदान दिया।

# घंटेश्वर मंदिर की लीला में बीती रात्रि श्रवण कुमार के नाटक का हुआ मंचन

**श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला व सर छोटेलाल रामलीला क्लब की लीलाओं का हुआ आगाज**

भरोसा मित्र,ब्यूरो

रेवाड़ी। श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर, मोती चौक प्रांगण में श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला का शुभारंभ श्री गणेश पूजन से किया गया। जिसमे रामलीला के प्रधान एम पी गोयल सहित कार्यकारिनी के सदस्यों सहित अनेकों कलाकारों ने भी हिस्सा लिया।

लीला के शुभारंभ पर मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार के नाटक का मंचन किया गया। रामलीला के सचिव यादके सुगन्ध ने बताया कि नाटक का शुभारंभ समाजसेवी अशोक कुमार शर्मा ने रिबन काट कर किया। उनका स्वागत रामलीला के उप प्रधान श्याम सुंदर गुप्ता, महेश शर्मा, रमेश वशिष्ठ, डॉ सुभाष गुप्ता आदि ने किया। उन्होने अपने संबोधन में अपने माता-पिता की हमेशा सेवा करने व कहना मानने के लिए दर्शकों को प्रेरित किया और श्रवण कुमार के पात्र से प्रेरणा लेते हुए जीवन बिताने पर बल दिया। इसके बाद मातृ पितृ भक्त श्रवण कुमार के नाटक का मंचन किया गया। जिसमें श्रवण कुमार द्वारा अपने अंधे माता पिता को तीर्थ

यात्रा करवाने के दौरान अयोध्या से गुजरते हुए दशरथ द्वारा अनजाने में श्रवण कुमार को तीर मारने से मृत्यु होने, अंधे माता-पिता द्वारा दशरथ को पुत्र वियोग में प्राण त्यागने का श्राप देते हुए स्वयं के प्राण त्यागने के मर्मस्पर्शी दृश्य दिखाए गए। हिमांशु गुप्ता ने श्रवण कुमार, सुनिल व संजय ने माता-पिता व विजय पंवार ने दशरथ का अभिनय किया। उधर, गांव बेरली कला में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी सर छोटे लाल रामलीला क्लब द्वारा रामलीला का मंचन का शुभारंभ सरपंच भरत सिंह व चेयरपर्सन प्रतिनिधि धर्मवीर यादव द्वारा रिबन काटकर किया गया। बेरली कला ग्राम की लीला आजादी से पहले से चली आ रही है । इस बार भी रावण का पुतला 100 फुट से ऊपर ही रहेगी। जो आकर्षण का केंद्र रहेगा।

**बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश नाबालिग सहित दो गिरफ्तार**

# 15 बाइक चोरी की गुत्थी सुलझी, अलग-अलग जगहों से चोरी की गई 7 मोटरसाइकिल बरामद

भरोसा मित्र,ब्यूरो

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश व उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए अपराध शाखा-3 रेवाड़ी व एंटी व्हीकल थैफ्ट यूनिट के इंचार्ज उप निरीक्षक विनोद कुमार की टीम ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए आरोपी की पहचान मनीष पुत्र बिशन सिंह निवासी गांव गोकलपुर थाना बहरोड़ राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से अलग-अलग स्थानों से चोरी की सात बाइक भी बरामद की है।

उप पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी संजीव बल्हारा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि जिले में बाइक चोरी की वारदात को देखते हुए अपराध शाखा-3 रेवाड़ी व एंटी व्हीकल थैफ्ट यूनिट के इंचार्ज उप निरीक्षक विनोद कुमार की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। टीम ने जांच करते हुए आरोपी मनीष पुत्र बिशन सिंह निवासी गांव गोकलपुर थाना बहरोड राजस्थान को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को भी अभिरक्षा में

लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने माडल टाउन थाना क्षेत्र से 13 व धारूहेड़ा थाना क्षेत्र से 2 बाइक चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की सात बाइक को बरामद किया है। पुलिस द्वारा अपचारी बालक को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर फरीदाबाद स्थित बाल सुधार गृह में भेजा गया है। पुलिस द्वारा आरोपी मनीष को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

डीएसपी ने बताया कि चोरी करने वाले आरोपी बहरोड की एक वर्कशॉप में डेंटिंग पेंटिंग का काम करते है। जल्द पैसा कमाने तथा अमीर बनने की लालसा ने उन्होंने मोटरसाइकिलें चोरी करना शुरु कर दिया। पुलिस द्वारा आरोपियों से अन्य साथियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

**महिला दिवस** ग्राम पंचायतों व शहरी निकायों को खेल उपकरण अनुदान पर कराए जाएंगे उपलब्ध

# हरियाणा सरकार ने हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना की अधिसूचित

**हरियाणा सरकार की इस योजना से जिला में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा मिलेगा तथा युवा इन खेलों की ओर उन्मुख होंगे**

**हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना के तहत कई खेलों को शामिल किया गया है, जिसके तहत खेल का सामान उपलब्ध कराया जाएगा।**

भरोसा मित्र,ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार की ओर से ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने व गांव में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना 2023-24 अधिसूचित की है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों और नगर निकायों को विभिन्न प्रकार का खेल का सामान अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यानि 31 मार्च 2024 तक वैध रहेगी। डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार की इस योजना से जिला में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा मिलेगा तथा युवा इन खेलों की ओर उन्मुख होंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतें व शहरी निकाय इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए तभी पात्र होंगे जब गांव व शहर में संबंधित खेल के लिए उचित खेल का मैदान (एफओपी) होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना के तहत वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, क्रिकेट को शामिल किया गया है, जिसके तहत खेल का सामान उपलब्ध कराया जाएगा।

### आवेदनों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया और समय सीमा

आवेदन निर्धारित प्रपत्र में जिला खेल अधिकारी के कार्यालय में जमा किए जाएंगे, जिसकी उचित रसीद आवेदक को दी जाएगी। इस प्रकार प्राप्त आवेदनों का रिकॉर्ड इस प्रयोजन के लिए बनाए गए रजिस्टर में प्राप्ति के कालानुक्रमिक क्रम में दर्ज किया जाएगा। आवेदन किसी भी कार्य दिवस में जमा करवाए जा सकते हैं। ग्राम पंचायतों के मामले में, संबंधित गांव का सरपंच आवेदन जमा करा सकता है। सरपंच का पद रिक्त होने की स्थिति में ग्राम सचिव आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नगर निकायों के मामले में आवेदन संबंधित वार्ड सदस्य/परामर्शदाता द्वारा जमा किए जाएंगे। खेल के मैदान की नवीनतम तस्वीरों को आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है, जिसमें तस्वीर पर तारीख और स्थान का उल्लेख होना चाहिए। आवेदन प्राप्त होने पर, इसकी जांच अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जांच समिति द्वारा निर्दिष्ट समय सीमा के अंदर की जाएगी। जांच कमेटी में जिला खेल अधिकारी. जिले के सबसे वरिष्ठ कोच, उपाधीक्षक व वरिष्ठतम अधिकारी व संबंधित खेल के वरिष्ठतम कोच को शामिल किया जाएगा। इस बारे में अधिक जानकारी जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

# मौसम का लगातार बिगड़ता मिजाज बीमारियों को दे रहा निमंत्रण

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी। अक्तूबर माह का एक पखवाड़ा बीत जाने के बावजूद कभी-कभार गुलाबी ठंड का ऐहसास कराने के साथ-साथ तेज गर्मी के साथ बदलता मौसम का मिजाज बिमारियों को निमंत्रण दे रहा है। अक्तूबर का आधा माह बीत चुका है। आमतौर पर इस समय तक गुलाबी ठंड पूरी तरह दस्तक दे चुकी होती है, लेकिन इस बार अभी तक दो-चार दिनों को छोडकर सर्दी का ऐहसास नहीं हो पा रहा है। दिन के समय सूरज की तेज चमक के चलते पसीना लगातार बाहर निकल रहा है। यहां तक कि घरों एवं प्रतिष्ठानों में एसी का उपयोग भी बदस्तूर जारी है। दिन के समय तेज गर्मी तथा मध्य रात्रि के बाद गुलाबी ठंडक के बीच सामंजस्य नहीं बैठा पाने के कारण लोग बिमारियों का शिकार हो रहे हैं। रेवाड़ी जिले में एक ओर जहां डेंगू के मामलों में लगातार



ईजाफा दर्ज किया जा रहा है, वहीं मौसम बुखार के साथ-साथ जुकाम-खांसी के रोगियों की संख्या भी बढी है। सरकारी अस्पताल में भी ओपीडी की संख्या में इजाफा दर्ज किया गया है, वहीं निजी अस्पतालों में भी रोगियों की भीड़ बढ़ती जा रही है।

16 page 6_02.qxd 10/15/2023 9:57 PM Page 1



## खबर फटाफट

### राजपूत समाज 18 अक्टूबर को कैथल में एकत्रित होगा

**कैथल :** यहां सम्राट मिहिर भोज प्रतिमा अनावरण को के विरोध में राजपूत समाज के तेवर तीखे हो गए हैं। समाज के लोगों ने फैसला किया है कि अब वे 18 अक्टूबर को कैथल में एकत्रित होंगे और अपना शक्ति प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए समाज के नेताओं ने पूरे प्रदेश में गांव दर गांव जाकर लोगों को कैथल पहुंचने का न्योता देना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि कलायत में 25 अगस्त से राजपूत समाज के लोगों का अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। वे मिहिर भोज की प्रतिमा पर विशेष शब्द लिखने का विरोध कर रहे हैं। प्रशासन ने पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट के आदेशों के बाद इस शब्द को टेप लगा ढका दिया है, लेकिन राजपूत समाज के लोग प्रतिमा को चौक से भी हटाने की मांग कर रहे हैं।बता दें कि इस प्रतिमा के आगे गुर्जर शब्द लिखा गया था। इससे राजपूत समाज के लोगों में रोष फैल गया।

### बाइक खड़ी करने के विवाद में रेलवे के एसपीओ पर किया हमला

**जींद:** शनिवार देर रात रेलवे स्टेशन पर बाइक खड़ी के लिए रेलवे के एसपीओ और रेलवे कर्मियों के बीच विवाद हो गया। ऐसे एसपीओ पर हमला करके उसकी वर्दी फाड़ गई उसे बेल्ट से पीटा गया। इसे बाद हमलावर उसकी बेल्ट लेकर भाग गए। शिकायत मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना ड्यूटी पर तैनात एसपीओ राम सिंह के साथ हुई। उन्होंने जंकशन के पुराने भवन के सामने एक रेलवे कर्मचारी द्वारा बाइक खड़ी करने पर आपत्ति की थी कि यहां चोरी की घटनाएं हो रही हैं। इस पर रेलवे कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी मेहर सिंह व तीन-चार अन्य लोगों एसपीओ को बेल्टों से पीटा और उसकी बेल्ट लेकर भाग गए।

### दुकानदार से मांगी 10 लाख की रंगदारी

**पानीपत :** जिले के एक गांव में रहने वाले सब्जी विक्रेता से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है।रंगदारी न देने पर उसे परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी गइहै। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। इस बारे में विपिन कुमार ने पुलिस को बताया कि कॉल करने वाले बदमाश ने उसे 2 दिन का समय दिया है। पैसे न देने पर उसके परिवार और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी है। बदमाश ने उसके पूरे परिवार और संपत्ति के बारे में बता दिया और स्वयं को बाबा ग्रुप का सदस्य बताया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कबड्डी खिलाड़ी अक्षिमा बजाड़ का जोरदार स्वागत

**रोहतक:** एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली कबड्डी खिलाड़ी अक्षिमा का रविवार को गांव मकड़ौली पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।अक्षिमा बजाड़ ने बताया कि वह पिछले करीब 6 सालों से अभ्यास कर रही हैं। आगे भी अपना अभ्यास जारी रखेगी ताकि बेहतर प्रदर्शन कर सके। अब उसका लक्ष्य 2026 एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने का है। दोबारा अच्छा प्रदर्शन कर वह भारत को गोल्ड मेडल दिलाएगी। अक्षिमा ने बताया कि उनके पिता रणबीर ने 2016 में बच्चों को खिलाना शुरू किया था। उस दौरान बेटे हैप्पी को कबड्डी की प्रैक्टिस शुरू करवाई थी। वहीं बेटी अक्षिमा भी वजन ज्यादा होने के कारण दौड़ लगानी शुरू की थी, लेकिन बेटी की खेल मूवमेंट एक बेहतर कबड्डी खिलाड़ी की तरह थी।

### बेकाबू कार ने दादा-पोते को रौंदा,दादा की मौत

**पलवल :** श्रीनगर गांव के पास तेज रफ्तार एक कार ने सड़क किनारे सवारी के इंतजार में खड़े दादा-पोते को टक्कर मार दी। इससे मौके पर ही दादा मौत हो गई, जबकि पोते की हालत गंभीर बनी हुई है। परिवार के एक अन्य सदस्य ने कूद कर किसी तरह अपीन जान बचाई। पुलिस ने मृतक के दूसरे पोते की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जबकि, पोते का निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।मुंडकटी थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### सीआरपीएफ की 50 महिला बाइकर्स का दल कुरुक्षेत्र पहुंचा

**कुरुक्षेत्र :** राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में श्रीनगर से चला सीआरपीएफ महिला जवानों का दल रविवार सुबह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पहुंचा। जहां दल का कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अगुवाई में विश्वविद्यालय प्रशासन ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विशेष बैंड की धुनों से विश्वविद्यालय परिसर गूंज उठा।विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद्गीता सदन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर भी महिला जवानों का हौंसला देख हर कोई उत्साहित हो उठा।

पिंजौर के डीआईजी नरेंद्र पॉल के मार्गदर्शन में सीआरपीएफ की 50 महिला बाइकर्स जवानों का दल बाइक पर श्रीनगर से पांच अक्तूबर को रवाना हुआ था और कुरुक्षेत्र में स्वागत के बाद गुजरात के लिए रवाना होगा। यह दल 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर गुजरात के केवडिया पहुंचेगा।छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. शुचिस्मिता ने बताया कि महिला जवानों का यह दल विश्वविद्यालय की छात्राओं के साथ रूबरू हुआ। सीआरपीएफ की 50 महिलाओं का यह दल राजपथ पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में अपने करतब दिखा चुका है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने किया आह्वान

# पन्ना प्रमुख राज्य की सभी सीटों पर खिलाएंगे कमल : धनखड़

**पृथला विधानसभा क्षेत्र में कमल खिलाने के लिए ओमप्रकाश धनखड़ कार्यकर्ताओं में भर गए जोश**

सात्विक देव, भरोसा मित्र

**फरीदाबाद ।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का आधार स्तंभ है। कार्यकर्ताओं के दम पर ही 2014 से भारतीय जनता पार्टी की विजय यात्रा शुरू हुई। कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा ऐसी पार्टी बन गई है जो बूथ स्तर पर मजबूत है।

रविवार को फरीदाबाद जिला की पृथला विधानसभा के देवांश गार्डन में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में धनखड़ ने सभी पन्ना प्रमुखों से 2024 में केंद्र और हरियाणा में भाजपा सरकार को पुनः स्थापित करने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया।

धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस के पास जहां प्रदेश और ज़िला का संगठन तक नहीं है, वहीं भाजपा ने अपने पन्ने तक के प्रमुख तय कर दिए हैं। भाजपा का संगठन बहुत मज़बूत है। भाजपा ने हर पन्ने के प्रमुख तय कर बूथ को सशक्त करने का काम किया है। पन्ना प्रमुखों के दम पर ही इस बार पृथला में कमल खिलेगा।

इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी मनीष यादव, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पृथला के पूर्व प्रत्याशी और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा सोहनपाल सिंह, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा, बलदेव अलावलपुर, सुखबीर मलेरना, दीपक डागर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा हर विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन आयोजित कर मोदी मनोहर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। 9 साल के सफल सेवा काल में बूथ स्तर और पन्ने तक मोर्चा का प्रभावी ढंग से विस्तार कर भाजपा ने जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है ।

पन्ना प्रमुखों को पार्टी की रीढ़ बताते हुए धनखड ने कहा कि वर्ष 2014 में शुरू हुई भाजपा की विजय यात्रा 2024 में बड़ी जीत के साथ आगे बढ़ेगी। इस विजयी यात्रा के पन्ना प्रमुख कर्णधार होंगे। भाजपा तीसरी बार देश और प्रदेश में बड़े बहुमत

से सरकार बनाएगी। इस बार पृथला विधानसभा में भी कमल खिलेगा । धनखड़ ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के साढ़े 9 वर्षों के सफल सेवाकाल में महिला सशक्तिकरण, देश की सीमाओं को सुरक्षित करने और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आज भाजपा सेवाभाव की नीति से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा राज में हर घर शौचालय, उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस, हर घर नल से जल देकर मोदी सरकार ने महिलाओं का सम्मान किया है। धनखड़ ने कहा कि भाजपा ने जो कहती है वह करके दिखाती है। धारा 370, अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण, तीन तलाक से मुस्लिम महिलाओं को छुटकारा, पंचायती राज संस्थाओं में बराबर की भागीदारी सहित ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

धनखड़ ने कहा कि आज 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है तो वह व्यक्ति भी प्रधानमंत्री को अपने मुखिया के रूप में देख रहा है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ओजस्वी नेतृत्व से लोगों को सुरक्षित किया। इतना ही नहीं दूसरे देशों को भी कोरोना की वैक्सीन देकर उनके नागरिकों की जान बचाई। आज पूरा विश्व भारत की तरफ आशा भरी दृष्टि से देख रहा है। बड़े-बड़े देशों के नेता प्रधानमंत्री मोदी को बॉस कह रहे हैं, यही आज का बदला हुआ भारत है।

पन्ना प्रमुख सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन के सभी आयोजकों पृथला से पूर्व प्रत्याशी और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहनपाल सिंह, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा, बलदेव अलावलपुर, सुखबीर मलेरना, दीपक डागर को बधाई दी और उनकी जमकर प्रशंसा की।

इस अवसर पर भाजपा छायशा मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र रावत, सीकरी मंडल के अध्यक्ष पवन चौधरी, फतेहपुर मंडल के अध्यक्ष हरीश धनखड, जिला उपाध्यक्ष लखमीचंद भारद्वाज, जिला सचिव सुनीता बघेल, जिला परिषद के चेयरमैन विजय लोहिया, राजू सोलंकी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सीमा भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा चंद्रप्रभा, सचेत जैन, हिमांशु मिश्रा, मेहरचंद गहलोत, आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### हर पन्ना प्रमुख पार्टी की रीढ़ की हड्डी : मूलचंद शर्मा

परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा कि भाजपा का हर पन्ना प्रमुख पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। जब बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुख मजबूत होगा तो देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी मजबूत होगी। देश और प्रदेश को विकास और उन्नति पर ले जाने वाली भाजपा की रीति और नीति आमजन को आकर्षित कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी पन्ना प्रमुख सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को लेकर आमजन तक पहुंचे और सहयोगी के रूप में लोगों की सेवा करें। मूलचंद शर्मा ने कहा कि भाजपा शासन में योग्यता के आधार पर नौकरियों में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का बच्चा भी लाभ ले रहा है। देश प्रदेश में सुशासन देने के साथ-साथ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास लेकर देशहित के कार्य की धमक देश और दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देखी जा रही है।

# सैलजा और हुड्डा के समर्थकों ने कांग्रेस लोकसभा प्रभारी के सामने की नारेबाजी

**बैठक में आमने-सामने आने से हुआ हंगामा, सैलजा ग्रुप बहिष्कार कर गया**

**हंगामे के बीच लोकसभा प्रभारी बैठक से चले गए, लेकिन उन्होंने इसे कार्यकर्ताओं का जोश बताया और पार्टी मे गुटबाजी का खंडन किया**

भरोसा मित्र

**अंबाला।** यहां आयोजित कांग्रेस की लोकसभा कार्यकर्ताओ की बैठक में फिर जमकर हंगामा हुआ। रविवार को कांग्रेस के अंबाला लोकसभा प्रभारी प्रभाकर झा के सामने शैलजा और हुड्डा गुट की जोरआजमाइश साफ दिखी। शैलजा गुट ने नारेबाजी की तो हुड्डा गुट ने स्पीकर के माध्यम से हुड्डा के लिए गीत बजाए गए।

इस हंगामे से अंबाला लोकसभा प्रभारी ने गुटबाजी से इनकार किया है, लेकिन दोनों नेताओं के गुटों में साफतौर सवाल उछाले गए। बैठक के दौरान हंगामा बढ़ता देख लोकसभा प्रभारी बैठक उठकर चल पड़े। इस दौरान इसके बावजूद उन्होंने यह जरूर कहा कि कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है। यह कार्यकर्ताओं का जोश है। लेकिन इस बीच नाराज होकर कुमारी शैलजा के गुट ने बैठक का ही बहिष्कार कर दिया। हंगामे के दौरान कुमारी शैलजा जिंदाबाद के नारे भी खूब लगाए गए। कांग्रेस नेता एवं एचपीसीसी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि जो लोग बैठक में है उन्हें कांग्रेस का क भी नहीं पता, असली कांग्रेस बैठक के बाहर है।

### जानते हैं क्या होता है क. ख. ग.

शैलजा गुट के आरोपों का जवाब देते हुड्डा गुट के युवा जिलाध्यक्ष कांग्रेस प्रतीक चौधरी ने कहा कि इन्हें कांग्रेस का कितना क. ख. ग. पता है। किसी से छिपा नहीं है। ये सभी अच्छे से जानते हैं।

# सरकार ने खाए किसानों के दो हजार करोड़ रुपये, ब्याज सहित तुरंत वापिस करें : जयहिंद

**आह्वान : जैसे आप अपनी माँ की रक्षा के लिए लड़ते है वैसे ही किसानों को जमीन के लिए भी लड़ना होगा**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

**गुरुग्राम।** रविवार को नवीन जयहिंद किसानों के 1128 एकड़ ज़मीन अधिग्रहण मामले में 190 दिनों से अनिश्चितकालीन समय के लिए चल रहे धरने पर समर्थन देने पहुंचे।

इस अवसर पर नवीन जयहिंद ने किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार किसानों के 2 हज़ार करोड़ रुपए खा कर बैठी है। जब किसान सरकार से पैसा लेता है तो सरकार ब्याज पर ब्याज लगा कर देती है। अब किसानों की जमीन भी हड़प रही है और किसानों के पैसे भी खा गई।

उन्होंने कहा कि जमीन माँ समान होती है। जैसे आप अपनी माँ की रक्षा के लिए लड़ते है वैसे ही आपको जमीन के लिए भी लड़ना होगा। ये जमीन की नहीं जमीर की लड़ाई है। युवाओं को भी इस लड़ाई का हिस्सा बनना होगा । क्योंकि युवाओं को अपने भविष्य के लिए इस जमीन की जरूरत है ।

जयहिंद ने कहा कि वे किसानों के तन-मन-धन से साथ है, जिस तरीके से सरकार तानाशाही कर रही है वह बिल्कुल सही नही है वह अब नहीं चलने देंगे जमीन किसानों की है और किसानों की ही रहेगी।

# आक्रोश रैली में जुटे प्रदेश भर के सफाई कर्मी

**रैली में उठी कच्चे कर्मचारियों को पक्के करने की मांग**

भरोसा मित्र

**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर रविवार को यहां पुराने आईटीआइ मैदान में प्रदेशभर के सफाई कर्मचारी जुटे। सरकार से प्रदेश सरकार से कच्चे कर्मचारियों को सरकारी करने की मांग की। साथ ही मांग पूरी न करने पर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदेश के यमुनानगर से लेकर सिरसा, फरीदाबाद तक से कर्मचारी यहं पहुंचे हैं।

नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान नरेश शास्त्री ने कहा कि सफाई कर्मियों का शोषण किया जा रहा है। ठेका प्रथा समाप्त करने के नाम पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में शामिल कर पक्का होने व समान काम समान वेतन का अधिकार छीन लिया है और न्यायालय से न्याय मांगने का रास्ता भी बन्द कर दिया है।

कहा कि गुरुग्राम के 3480 व रोहतक के 500 सफाई कर्मचारियों सहित अलग-अलग पालिकाओं, परिषदों, नगर निगमों व अग्निशमन केंद्रों के 5000 कर्मचारियों की छंटनी कर बेरोजगार बना दिया है। न्यूनतम वेतन 10 हजार

तथा अधिकतम वेतन 1 लाख 88 हजार रुपये से ज्यादा है। इस तरह वेतनमानों में भारी असमानता से कर्मचारी नाराज हैं। न्यूनतम वेतन 1 ः 7 के अनुपात में 26000 □ किया जाना चाहिए तथा तृतीय चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों में भी वेतन विसंगतियां दूर करते हुए बढ़ोतरी की जाए।कहा कि गुरुग्राम के 3480 व रोहतक के 500 सफाई कर्मचारियों सहित अलग-अलग पालिकाओं, परिषदों, नगर निगमों व अग्निशमन केंद्रों के 5000 कर्मचारियों की छंटनी कर बेरोजगार बना दिया है। न्यूनतम वेतन 10 हजार तथा अधिकतम वेतन 1 लाख 88 हजार रुपये से ज्यादा है। इस तरह वेतनमानों में भारी असमानता से कर्मचारी नाराज हैं। न्यूनतम वेतन 1 :7 के अनुपात में 26000 किया जाना चाहिए तथा तृतीय चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों में भी वेतन विसंगतियां दूर करते हुए इसमें ढ़ोतरी की जाए।

# गठबंधन सरकार ने राज्य को गर्त में पहुंचाया : अभय

**किसानों की खराब हुई फसलों की गिरदावरी नहीं की गई थी और मुआवजे नहीं दिए गए**

भरोसा मित्र

**हिसार।** इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला द्वारा 24 फरवरी को शुरू की गई परिवर्तन पदयात्रा के दूसरे चरण में परिवर्तन रथयात्रा रविवार को हलका उकलाना के गांव नंगथला से शुरू हुई और लांधड़ी, चमारखेड़ा, दौलतपुर, उकलाना मंडी, बिठमड़ा, लितानी और ब्याणा खेड़ा गावों में पहुंची।

इस दौरान युवाओं और महिलाओं ने फूल मालाओं से अभय सिंह चौटाला का भव्य स्वागत किया।अभय सिंह चौटाला ने कहा कि हमारे विरोधी कहते थे कि यह पदयात्रा चार दिन भी नहीं चल पाऐगी और 40 कि.मी. भी नहीं चल पाएंगे। हमने 6 महीने 11 दिन की पदयात्रा की और 4 हजार कि.मी. से अधिक की दूरी तय करते हुए 90 हलकों के 2 हजार से उपर गांव, कस्बे और शहर कवर किए थे और लोगों को देश और प्रदेश के मौजुदा हालातों से

अवगत कराया।

इनेलो नेता ने कहा कि इस दौरान हमने देखा कि चौ. देवीलाल के बनाए हुए हरियाणा को भाजपा-जजपा की सरकार ने गर्त में पहुंचा दिया है। हर वर्ग के लोग सरकार से बेहद दुखी थे। गांवों में पीने का स्वच्छ पानी नहीं था, किसानों के लिए खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए नहरों में पानी नहीं था, जो सरकारी स्कूल और अस्पताल चौ. ओम प्रकाश चौटाला और ताऊ देवीलाल ने मुख्यमंत्री रहते बनवाए थे उनमें से अधिकतर स्कूलों को बंद कर दिया गया है, कहीं अस्पतालों के ताले लगे थे तो कहीं डाक्टर नहीं थे, दवाइयां नहीं थी, बच्चों के लिए खेल के मैदान नहीं थे, सड़कें बुरी तरह से टूटी पड़ी थी।

उन्होंने रोष जताया कि किसानों की खराब हुई फसलों की गिरदावरी नहीं की गई थी और मुआवजे नहीं दिए गए थे। नरमे और कपास की खेती करने वाले किसनों की फसलों को गुलाबी सुंडी ने बर्बाद कर दिया। आज हर वर्ग के लोग इस जनविरोधी भाजपा-जजपा सरकार को बदलना चाहता है और चौ. देवीलाल की नीतियों पर चलने वाली इनेलो पार्टी की सरकार बनाना चाहता है।

**प्रधान महासचिव ने दावा किया: अब की बार 2024 में इंडियन नेशनल लोकदल सत्ता में आएगी**

उन्होंने कहा कि इसका भव्य सफल परिणाम ताऊ देवीलाल की जयंती पर 25 सितंबर को कैथल में हुई रैली में पूरे प्रदेश से उमड़े लाखों लोगों की हाजरी से देखने को मिला जहां लोगों के लिए जगह कम पड़ गई थी। लोगों ने इस बात पर मुहर लगा दी कि अब की बार 2024 में इंडियन नेशनल लोकदल सत्ता में आएगी।

### सीएम के जनसंवाद कार्यक्रम से पहले विरोध कर रहे किसान हिरासत में लिए गए

भरोसा मित्र

**अंबाला।** रविवार को शहजादपुर के सरकारी स्कूल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल जनसंवाद कार्यक्रम से पहले किसानों ने विरोध करना शुरू कर दिया। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप और संयुक्त किसान मोर्चा ने पहले ही कह दिया था कि सीएम के यहां आने पर उन्हें काले झंडे दिखाए जाएंगे। भारतीय किसान यूनियन के किसानों ने सुबह ही सीएम के खिलाफ नारेबाजी करनी शुरू कर दी। स्थिति को नियंत्रित करते हुए प्रशासन ने धारा 144 लागू करके कुछ किसान नेताओं को हिरासत में लिया। इसका विरोध करते हुए बीकेयू चढ़ूनी ग्रुप के जिला अध्यक्ष मलकीत सिंह ने कहा कि जिन किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उन्हें रिहा नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जएगा। हम सीएम से शांतिपूर्वक बात करने आए हैं। बताया गया कि किसान गन्ना की बकाया भुगतान न होने से नाराज हैं। इसके लिए कई बार आश्वासन मिल चुके हैं, लेकिन गन्ने का भुगतान जारी नहीं किया जा रहा है। नारायणगढ़ शुगर मिल पर उनका करोड़ों रुपए बकाया है। पहले प्रशासन ने 10 अक्टूबर तक भुगतान करने का आश्वासन दिया था, जो अब तक नहीं हुआ है।

झटका

सीईटी नोटिफिकेशन का दिया गया हवाला

# ग्रुप सी-डी के आवेदकों को एक की परीक्षा में मिलेगा 5 अंकों का लाभ

**इस बार 11 लाख युवाओं ने पंजीकरण कराया है इस परीक्षा में बैठने के लिए**

भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के फैसले के अनुसार ग्रुप सी और डी के आवेदकों को सीईटी उम्मीदवार एक ही ग्रुप में सामाजिक-आर्थिक मानदंड के मिलने वाले 5 अंकों का लाभ ले पाएंगे। इसकी वजह आयोग की तरफ से सीईटी के एक नोटिफिकेशन को बताई गई है।यह इन उम्मीदवारों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

बताया गया कि इस नोटिफिकेशन में स्पष्ट है कि उम्मीदवार जीवन में एक ही बार सामाजिक-आर्थिक मानदंड का लाभ ले पाएंगे। आयोग यदि दोनों में 5 अंक का लाभ देता है तो भर्तियों का मामला कोर्ट में पहुंच सकता है।आयोग इन उम्मीदवारों से सामाजिक-आर्थिक मानदंड के 5 नंबरों का लाभ लेने से पहले पूछेगा कि वह ग्रुप सी या डी में इसका लाभ किसमें लेना चाहते हैं।

आयोग ने इसी माह 21 और 22 अक्टूबर को होने वाली ग्रुप-डी के सीईटी एग्जाम की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस के लिए 11 लाख युवाओं ने पंजीकरण कराया है।

### कितनी भर्तियां निकाली गईं

इस बार ग्रुप-डी के 13 हजार से ज्यादा पदों पर भर्तियां निकाली गई हैं। इसके लिए सीईटी पास उम्मीदवारों को आयोग के द्वारा बुलाया गया है। इनकी संख्या लगभग 52 हजार बताई गई है। इन उम्मीदवारों ने सामाजिक-आर्थिक मानदंड के मिलने वाले 5 नंबरों के लिए क्लेम किया है, इन उम्मीदवारों का रिजल्ट जारी करने से पहले आयोग इनका वेरिफिकेशन करवाएगा। इसकी एक बड़ी वजह यह बताई गई है कि सीईटी के बाद इन उम्मीदवारों का सीधा चयन होना है।

### रोटी-पूड़ी खाने से 10 गायों की मौत

**भिवानी :** अमावस्या पर गायों को रोटी-पूड़ी और गोग्रास खिलाना उनकी मौत का कारण बन गया। इससे 10 गायों ने दम तोड़ दिया। इस पर रोष जताते हुए गो सेवक रोहतक गेट पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि प्रशासन को इस बारे में पहले ही अवगत कराया गया था, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। गो सेवकों में रोष देख भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

बता दें कि नवरात्रों से पहले दिन पितृ पक्ष पर अमावस्या के दिन लोग गायों को रोटी, पूड़ी और गोग्रास खिलाते हैं। गलियों व सड़कों पर आमतौर पर भूखी घूमने वाली ये गाय साल में एक दिन अचानक इतनी रोटी पूड़ी और गोग्रास खाने से बीमार पड़ जाती हैं। कुछ की मौत हो जाती है। हर साल की तरह इस बार भी यही हुआ। जिसको लेकर गो सेवकों में भारी रोष है।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।

16 page 7_01.qxd 10/15/2023 9:45 PM Page 1



## खबर फटाफट

### परिषद के रंगमंच पर हुआ श्रवण कुमार नाटिका का बेहतरीन मंचन

**नारनौल।** रामलीला परिषद के रंगमंच पर श्रवण कुमार की यादगार रात्रि ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष डा.मनीष राव ने बतौर मुख्य अतिथि दर्शकों को संबोधित करते हुए रामायण के एक एक संसर्ग से शिक्षा मिलने की बात कहते हुए उपस्थितजनों का आह्वान किया कि किस प्रकार भगवान राम ने अवतार होते हुए भी अपनी मानवीय लीला से अखण्ड भारत का निर्माण किया। उसी प्रकार हम सब मिलकर समाज में फैली बुराई को समाप्त करने का निर्णय लें। स्मरण रहे कि रामलीला परिषद के राजाराम पालडी रंगमंच पर जैसे ही बाल कलाकार पंकज यदुवंशी ने संवाद प्रारम्भ किए तो लोगों ने उनकी अभिनय क्षमता पर खूब तालियाँ बजायी। मंच पर पहली बार श्रवण का अभिनय कर रहे पंकज यदुवंशी ने अपनी गायन शैली व अभिनय के रसों से प्रत्येक दर्शक के दिल में अपनी छाप छोड़ी। राजा दशरथ सरयू नदी पर जल लेते हुए जैसे ही अपना शब्दभेधी बाण छोड़ते हैं मंच काफ़ी गामगीन हो जाता है। दशरथ कुलदीप कनौडिया व श्रवण पंकज यदुवंशी के संवाद काफी प्रभावशाली रहे। श्रवण कुमार का हवा में माता पिता को कावड़ में बिठाने का दृश्य काफी रोमांचकारी रहा। श्रवण नाटिका के मंचन में सभी कलाकारों ने अपने अपने किरदार के साथ पूरा न्याय किया। हास्य कलाकार विकास तिवाडी और उनकी टीम द्वारा राम जन्म की बधाई पर किए गए हास्य के फुव्वारों ने दर्शकों को खूब हंसाया। बधाई गाने वालों में सतीश श्रवण, गिरीश कनौडिया और उनकी टीम ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इससे पूर्व मुख्यअतिथि डा. मनीष राव ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर लीला का शुभारम्भ किया। परिषद की और से संरक्षक अनिल कौशिक, प्रधान दिनकर बोहरा, सुरेश पंचोली, घीसाराम सैनी ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ, अंग्वस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संरक्षक चेतनप्रकाश गौड़, दयाशंकर तिवाड़ी, कार्यकारी प्रधान अमित मिश्रा, सोहन टैनी, दिनेश मेहता, अतुल दीवान, प्रमोद तिवाड़ी, प्रवीण गौड़, राजेश बोहरा, अनिल सेठ सहित सैंकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

### वाहन चोरी करने वाला आरोपी चोरी की स्कूटी सहित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी गोलू मूल रूप से बिहार के दरभंगा जिले के गांव कछुवा का हाल में बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से बल्लभगढ़ सिटी पार्क के पास से चोरी की स्कूटी एक्टिवा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी ने स्कूटी एक्टिवा को थाना ओल्ड के क्षेत्र से चोरी किया था जिसका मामला थाना ओल्ड में दर्ज है। आरोपी से पूछताछ सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदि है । नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों का अंजाम देता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### देसी कट्टे सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम राहुल है। आरोपी फरीदाबाद के हार्डवेयर चौक के पास का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान एनआईटी के एरिया मेट्रो चौक से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी कट्टे को अपने दोस्तों में हवा बाजी करने के लिए उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के कोकिलावन में किसी अनजान व्यक्ति से 2500 में खरीद कर लाया था। आरोपी नशा करने का दिए नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### सभी ऑटो चालक जल्दी से जल्द लगवाएं यूनिक नंबर

**फरीदाबाद।** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने आज अपने कार्यालय में तीनों जोन के ह/ज्ञढ्ढ और ऑटो यूनियन प्रधानों के साथ मीटिंग सभी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी नहीं होगी बर्दाश्त होगी सख्त कानूनी कार्रवाई। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज डीसीपी ट्रैफिक ने यातायात थाना प्रभारी और ऑटो यूनियन प्रधानों के साथ ऑटो की वजह से लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए मीटिंग ली है। बैठक के दौरान डीसीपी ट्रैफिक ने ऑटो यूनियनों के प्रधानों को दस साल पुराने हो चुके ऑटो की लिस्ट स्वैच्छा से पुलिस को सौंपने की बात कही। ताकि पुराने वाहनों को सड़कों से हटाया जा सके। इससे काफी हद तक लोगों को जाम से छुटकारा मिलेगा और शहर में प्रदूषण का स्तर भी कम होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑटो चालक जहां तहां ऑटो खड़े कर देते हैं। इसके अलावा हाइवे के सभी चौराहों पर हर समय ऑटों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे न केवल हाइवे पर जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की सम्भावना भी बनी रहती है। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति बल्लभगढ़ में होती है। ऑटो यूनियन प्रधान सभी ऑटो चालकों को इसके संबंध में अवगत कराए अन्यथा ऑटो चालकों के खिलाफ उचित कानून कारवाई की जाएगी।

#### नारनौल को विकास के मामले में नहीं रहने दिया जाएगा पीछेः ओमप्रकाश

# करोड़ों की लागत से बनेंगे लिंक रोड : ओमप्रकाश

**नारनौल में एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने वाले बनाए जाएंगे कई लिंक मार्ग**

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि प्रदेश में सडक़ों का जाल बिछाया गया है। इसी कड़ी में नारनौल विधानसभा क्षेत्र में भी करोड़ों रुपए की लागत से एक दूसरे गांव से जोडने वाले कई लिंक मार्ग बनाए जाएंगे।

श्री यादव ने बताया कि एक दूसरे गांव को जोडने के अभियान के तहत गांव शाहपुर दोयम से श्यामपुरा, महरमपुर से भालोठा, महरमपुर से सैनियों की ढ़ाणी वाया बाबा जोधा तथा जैलाफ से चिंडालिया, कारोता से तोताहेडी धोलेडा से कारोता के बीच सडक़ों का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में अच्छी सडक़ों का होना अति आवश्यक हैं। अच्छी सडक़े होगी तो क्षेत्र रोजगार और विकास के मार्ग प्रस्त होंगे। उन्होंने कहा कि गत रोज सरकार ने नारनौल शहर के विकास के लिए करोड़ो रुपये मंजूर किए थे। यह विकास रूपी पहिया निरंतर चलता रहेगा। सरकार ने गांवों में सडक़ों के विकास के लिए आज करोड़ो रुपये मंजूर किए हैं। उन्होंने कहा कि नारनौल विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा।

श्री यादव ने कहा कि नारनौल विधानसभा क्षेत्र में लगातार योजना पद तरीके से विकास करवाए जा रहे हैं। हरियाणा सरकार का मुख्य फोकस ढांचा का सुविधाएं बढ़ाने पर है। सरकार ने इसके लिए बजट में भी विशेष प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में शेष बचे लिंक मार्गो को भी बनाया जाएगा ताकि लोगों का आवागमन आसान हो सके।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक़ तथा सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यो पर लगातार कार्य कर रही है। अब जिला महेंद्रगढ़ राज्य के अन्य जिलों से बेहतर है। पिछले लगभग 9 साल में जिला में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है।

#### खटोटी खुर्द में बोले जेजेपी जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा

# सभी वर्गों के विकास एवं जनकल्याण के लिए कार्य कर रहे दुष्यंत चौटाला

**पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया**

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने रविवार को गांव खटोटी खुर्द का दौरा किया तथा लोगों में जेजेपी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करते हुए पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। यह जानकारी जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहलौ ने बताया कि इस मौके पर अनेक लोगों ने जजपा में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी ज्वाइन की और धरातल पर मजबूती से काम करने का भरोसा दिया। इस मौके पर डा. मनीष शर्मा ने कहा कि जननायक जनता पार्टी का निर्माण चौधरी देवीलाल की नीतियों पर हुआ है तथा उनकी नीतियों को आगे बढ़ाते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने उनके सपने को साकार करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने सभी वर्गों के विकास एवं कल्याण के लिए अनेक कार्य किए हैं। प्राईवेट कंपनियों में 75 प्रतिशत आरक्षण हरियाणा के युवाओं को दिलाकर उनकी तकदीर बदलने का कार्य किया है। अन्यथा बाहर के लोग हरियाणा में नौकरी करते थे और यहां के युवा बेरोजगार घूमते थे। कई नवयुवक को बेरोजगारी का दंश झेलते-झेलते पथभ्रष्ट हो जाते थे और नशे का शिकार हो जाते थे, लेकिन हरियाणा के बेरोजगारों को उनका हक मिलने से बड़ा भारी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिलाया। राशन डिपुओं में महिलाओं का 33 प्रतिशत कोटा निर्धारित किया। उन द्वारा अनेक ऐसे कार्य है, जिनसे सामाजिक क्रांति आई है और जनकल्याण हुआ है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने हमेशा ही कमेरे मेहनतकश लोगों के हितों की राजनीति की, जिसे दुष्यंत चौटाला आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में जननायक जनता पार्टी से जुड़ें और पार्टी की नींव मजबूत करें। इस मौके पर उनके साथ संदीप शर्मा, संजय शर्मा, धर्मबीर प्रधान, बजरंग गुर्जर, रविंद्र, राहुल, करण, प्रदीप, जसवीर सिंह, मनोज व रमेश आदि मौजूद थे।

# शारदीय नवरात्रि पर्व पर शहर में निकाली प्रभात फेरी

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रभात फेरी संगठन द्वारा स्थानीय शहर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य यजमान सतीश कुमार परिवार ने ठाकुर जी को पुष्प अर्पित करके एवं निशान पूजन करके प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। प्रभात फेरी संगठन के इंचार्ज घनश्याम गर्ग ने बताया कि हर रविवार को नारनौल शहर की गलियों में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रातःकाल राधा नाम लेने से इंसान अपनी 84 लाख योनियों के क्रम बंधन से मुक्त होकर भगवान के परमधाम गोलोक को प्राप्त होता है एवं इंसान की सात पीढियां भवसागर से पार हो जाती है। परम पूज्य महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज के आवाहन पर आने वाली 23 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गीता जयंती महोत्सव संगठन द्वारा मनाया जाएगा। इस संदर्भ में संगठन द्वारा अष्टादस श्लोक गीता पाठ का शुभारंभ किया गया एवं उपस्थित सभी महिलाएं एवं पुरुषों ने अष्टादस श्लोक गीता पाठ का वाचन एवं पठन किया। इस अवसर पर राकेश गर्ग, हर्ष गर्ग, चेतन जिंदल, संदीप गोयल , बृजेश गर्ग, सतीश शर्मा, मीडिया प्रभारी सोमदेव शर्मा आदि सैकड़ो की तादाद में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर ठाकुर जी की आरती करके प्रसाद विपरीत करके कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अमरपुर जोरासी के सरपंच को मिली धमकी

**पुलिस कर रही जांच**

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर चर्चा में आए नारनौल के साथ लगते गांव अमरपुर जोरासी के सरपंच हरीराम उर्फ कल्लू को मोबाइल फोन पर धमकी मिली है। जिसकी उन द्वारा शिकायत करने पर पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। अमरपुर जोरासी के सरपंच हरीराम शर्मा ने बताया कि उन्होंने गांव की पंचायती भूमि की पैमाईश करवाई थी, जिसमें काफी जमीन पर लोगों का अवैध कब्जा पाया गया और गांव की लगभग 1333 वर्ग गज जमीन पर मैरिज पैलेस व श्री श्याम मनोहर वाटिका पंचायत जमीन पर बने हुए थे, जिसका गत 10 अक्टूबर को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट व प्रशासन की सहायता से अवैध कब्जा हटाकर पंचायती कब्जा कार्रवाई की गई थी। उन्होंने बताया कि अब पांच रोज बाद उसके मोबाइल नंबर पर एक वाईस कॉल 15-20 बार आई। पहले कई बार फोन नहीं उठाने उपरांत जब फोन उठाया तो कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि उसका वाटिका का

**आज एसपी से मिलेगी सरपंच यूनियन**

सरपंच हरिराम उर्फ कल्लू ने बताया कि वे सरपंच यूनियन जिला महेंद्रगढ़ के उप प्रधान हैं। उन्होंने यह सूचना अपनी सरपंच यूनियन में भी दे दी है। इस संदर्भ में सोमवार को सुबह 11 बजे पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

विवाद गांव में चला हुआ है। तुम्हारे एक लडक़े का नाम सचिन है और गाड़ी नंबर फलां है तथा अब वह दो दिन में अंदर-अंदर पूरे परिवार को खत्म कर देगा।

# राधा कृष्ण संगठन ने निकाली प्रभात 39वीं फेरी

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन की ओर से 39वीं प्रभात फेरी मोहल्ला चांदुवाडा रामलीला मैदान से आरंभ हुई। श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट मोहल्ला चांदूवाड़ा रजिस्टर्ड नारनौल के सदस्यों के साथ प्रभात फेरी में सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिलाओं ने राधा रानी का गुणगान किया। संगीत की स्वर लहरियों के साथ नृत्य करते हुए प्रभात फेरी में परिक्रमा देते हुए सभी ने नवरात्रों के पर्व पर पहले दिन धार्मिक लाभ प्राप्त किया। रामलीला प्रधान संजय गर्ग ने बताया कि प्रभात काल में राधा नाम जपने से मन शांत होता है और चिंताओं से राहत मिलती है। यह जप एकाग्रता को बढ़ाता है और मानसिक स्थिरता प्रदान करता है। राधा नाम के जप के द्वारा, मन को चिंताओं और तनाव से मुक्त किया जा सकता है। श्री राधा संकीर्तन रथ के साथ अनेक वाद्य यंत्र बजाते हुए परिक्रमा मार्ग में फूल बर्षा ,स्वागत व आरती हुई। परिक्रमा देते हुए अनेक स्थानों पर आरती हुई तथा प्रसाद वितरित किया गया।

#### सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ रोटरी डिस्ट्रिक 3011 ने शुरु की जंग

# साईं धाम में बच्चियों को लगाई गई सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 ने देश में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर के मरीजों को लेकर सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जंग शुरु की है और आज इसी कड़ी में तिगांव स्थित साईं धाम में सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। यह वेक्सीनेशन ड्राइव साई बाबा टेम्पल सोसाइटी, रोटरी क्लब फरीदाबाद एनआईटी और रोटरी कैंसर फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटरी जितेंद्र गुप्ता, दीसी गुप्ता, डीजी ई महेश त्रिखा, पीडीजी अनुप मित्तल, रोटरी क्लब एनआईटी के अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, सर्विकल कैंसर उन्मूलन की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन श्रीमती वंदना भल्ला, रोटरी कैंसर फाउंडेशन के महासचिव, डा. पुष्पा सेठी, एचएल भूटानी, अश्विनी झांब, रोटेरियन राजन गेरा, अजय नारायण और शिरडी साई बाबा के शिक्षकों के साथ-साथ विद्यालय प्रधानाचार्या बीनू शर्मा भी उपस्थित रही। साईं धाम में आज 9 से 18 वर्ष की उम्र के बीच की 518 बच्चियों को निशुल्क सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता साईं सेवक डा. मोतीलाल गुप्ता ने की। इस अवसर पर बोलते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जीतेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ देश में आयोजित होने वाला सबसे बड़ा टीकाकरण शिविर है और रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 ने टीकाकरण के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने की योजना बनाई है और यह सभी के ठोस प्रयासों से संभव होगा। वहीं डा. मोतीलाल गुप्ता ने रोटरी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने रोटरी क्लब की प्रशसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार रोटरी क्लब ने 95 प्रतिशत पोलियो को भारतवर्ष से खत्म कर दिया है उसी प्रकार मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सर्विकल कैंसर के लिए भी उसी प्रकार की लड़ाई लड़ी जाएगी। वहीं रोटेरियन वीरेंद्र मेहता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वैक्सीन की लागत प्रति बच्चा लगभग 4000 से 6000 रुपये आती है, जिसे माता-पिता वहन नहीं कर सकते। इसलिए रोटरी ने इसका बीड़ा उठाया है।

# टाइगर क्लब के दुर्गा पूजा महोत्सव में निकाली कलश यात्रा

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। पावन शारदीय नवरात्रों के प्रथम नवरात्र पर रविवार को टाइगर क्लब परिवार द्वारा आयोजित 20 वें विशाल दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मंदिर परिसर से निकली कलश यात्रा में इस वर्ष हजारों महिलाओं ने कलश उठाकर पुण्य कमाया। कलश यात्रा में गाजे बाजे, ढोल नगाडों के साथ हजारों महिलाएं कलश अपने सिरों पर रखकर शहर के मुख्य बाजारों आजाद चौक, मानक चौक, पुल बाजार, महावीर मार्ग होते हुए महोत्सव स्थल पुरानी कचेहरी मैदान में पहुंची। जहां पर अनुभवी कलाकारों द्वारा सुंदर सुंदर झांकियां निकाली गई। सभी महिलाओं ने दरबार में पहुंचकर अपने कलश स्थापित किए तथा शिव पार्वती, कृष्ण लीला आदि की झांकियों के साथ झूम झूमकर नाच गाकर अपना मनोरंजन भी किया। दुर्गा पूजा महोत्सव के द्वितीय नवरात्र पर 16 अक्टूबर को गायकी के क्षेत्र में विश्वप्रसिद्ध मशहूर जाने माने व्रजवासी व्रजराज सिंह लक्खा मां के दरबार में अपनी हाजरी लगाएंगे। साथ ही जानी माने भजन गायकार दीपक वालिया अपने मनभावन भजनों से माता का गुणगान करेंगे। इस अवसर टाइगर क्लब परिवार के मुख्य संरक्षक राकेश यादव, प्रधान डा. शिवकुमार संरक्षक जयप्रकाश अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र बंसी, हेमंत जैन, कैलाश नंबरदार, अमित कुलताजपुरी, राजेश सैनी मनोज सिंघल, गजेंद्र सोनी, रवि खन्ना ,प्रमोद सैनी, सुरेंद्र यादव, टीटू सोनी, संजय चौहान, पंकज लखेरा, सुनील कुमार, रवि सैनी, मंगल सैनी, धर्मवीर सैनी, तरुण शर्मा, जितेंद्र रईस राजेंद्र, विजय रहीश आदि सभी सदस्य मौजूद थे।

# अग्रवाल समाज ने धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन की जयंती

**सैकड़ो श्रद्धालुओं ने अग्रसेन महाराज की आरती में शामिल होकर उनका गुणगान किया**

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। अग्रवाल समाज के तत्वावधान में भोजावास गांव में महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने अग्रसेन महाराज की आरती में शामिल होकर उनका गुणगान किया। मुख्य अतिथि प्रमुख समाज सेवी अतरलाल एडवोकेट में अग्रसेन महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन समाजवाद के अग्रदूत थे। समता मूलक समाज की स्थापना के लिए उनका एक रूपया और एक ईंट का सिद्धांत आज भी प्रासांगिक है। उन्होंने महाराजा अग्रसेन की जयंती पर भव्य समारोह आयोजित करने के लिए अग्रवाल समाज का धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज को प्रेरणा मिलती है। समारोह में हवन यज्ञ तथा भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# एसडी विद्यालय में अध्यापक-अभिभावकों की बैठक हुई

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में अध्यापक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 852 से अधिक अभिभावकों ने भाग लेकर छात्रों के प्रति अपनी जिम्मेदारी एवं अध्यापक-अभिभावक बैठक के महत्व को समझने का परिचय दिया। सभी अभिभावकों ने अग्रिम सोच का परिचय देते हुए बच्चों के भविष्य के लिए विद्यालय प्रबंधन व सभी संबंधित अध्यापकों के साथ अध्ययन संबंधी समस्याओं के समाधान, शैक्षिक उपलब्धियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों व विषयों पर विमर्श किया। अभिभावकों ने अपने बच्चों की दिनचर्या उनके व्यवहार समय-सारिणी, रुचि आदि से संबंधित पहलुओं से प्रबंधन व संबंधित अध्यापकों से परिचित करवाया और अपने बच्चों की रिपोर्ट लेने में काफी रुचि दिखाई।

# किसान फसलों में दानेदार यूरिया की जगह नैनो तरल यूरिया का करें प्रयोग : मोनिका गुप्ता

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। किसान अपनी फसलों में दानेदार यूरिया की जगह नैनो तरल यूरिया का प्रयोग करें। नैनो तरल यूरिया से न सिर्फ उत्पादन बढ़ता है बल्कि फसल की गुणवत्ता भी अच्छी होती है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि नैनो तरल यूरिया यानि आधा लीटर की शीशी में वो खाद जो एक बोरी यूरिया से कहीं ज्यादा काम करती है। विशेषज्ञों के मुताबिक नैनो तरल यूरिया से न सिर्फ उत्पादन बढ़ता है बल्कि फसल की गुणवत्ता भी अच्छी होती है। नैनो तरल यूरिया, दानेदार यूरिया से सस्ती भी है। नैनो तरल यूरिया उपज की गुणवत्ता बढ़ाने का एक साधन है। साथ ही इससे खेती की लागत में भी कमी आती है। फसलों में नाइट्रोजन की कमी को पूरा करने के लिए किसान यूरिया का इस्तेमाल करते हैं लेकिन अभी तक यूरिया सफेद दानों के रुप में उपलब्ध थी जिसका इस्तेमाल करने पर आधे से भी कम हिस्सा पौधों को मिलता था बाकि जमीन और हवा में चला जाता था। उन्होंने बताया कि भारत नैनो तरल यूरिया को लॉन्च करने वाला पहला देश है। मई 2021 में इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-आपरेटिव लिमिटेड इफको ने इसे लॉन्च किया था। इससे पहले नैनो तरल यूरिया को 94 से ज्यादा फसलों को देश भर में 11000 कृषि क्षेत्र परीक्षण एफएफटी पर परिक्षण किया गया था। इसके बाद आम किसानों को दिया गया। इफको के मुताबिक धान, आलू, गन्ना, गेहूं और सब्जियों समेत सभी फसलों में इसके बेहद अच्छे परिणाम मिले हैं। डीसी ने बताया कि विशेषज्ञों के अनुसार नैनो तरल यूरिया के कई फायदे हैं। सबसे बड़ा फायदा है कि धान, गेहूं, तिलहन और सब्जियां जो भी उगाई जाती हैं उनकी क्वालिटी बढ़ती है। आधा लीटर यूरिया की शीशी पूरे एक एकड़ खेत के लिए काफी है। साथ में इसका प्रयोग करने से पर्यावरण, जल और मिट्टी में जो प्रदूषण हो रहा है वो नहीं होगा। नैनो तरल यूरिया का उपयोग हम फसल की पत्तियों पर छिडक़ाव के माध्यम से करते हैं। छिडक़ाव के लिए एक लीटर पानी में 2 से 4 मिलीलीटर नैनो यूरिया मिलाना होता है। यानि जो 15 लीटर की टंकी होती है फसल की जरुरत के अनुसार 30 से 60 मिलीलीटर मिलाना होता है। एक फसल में दो बार नैनो यूरिया का छिडक़ाव करना चाहिए। वैज्ञानिकों के मुताबिक नैनो तरल यूरिया के कणों का साइज इतना कम है कि ये पत्ती से सीधे पौधे में प्रवेश कर जाता है। वैज्ञानिक बताते हैं जब हम पत्तियों पर इसका छिडक़ाव करते हैं तो सारा का सारा नाइट्रोजन पत्तियों को स्टोमेटा और फ्लोएम है उससे इसकी साइज बहुत छोटी रहती है तो जिससे सीधे ये पत्तियों में प्रवेश हो जाता है। और पौधे की जरुरत के अनुसार नाइट्रोजन को रिलीज करता है।

**महिला दिवस** हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेस नेता ने सेक्टर 23 में सुनी जनसमस्याएं

# जनाकांक्षाओं पर पूरी तरह असफल साबित हुई मनोहर सरकार : मनोज

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा के आदेशानुसार हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को आगे बढ़ाते हुए बल्लभगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 23 में आयोजित एक नुक्कड़ सभा आयोजित कर लोगों की जनसमस्याओं को सुना। इस दौरान लोगों ने कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल को अपनी समस्याएं बताते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र में उनके आय गलत दर्शा दी गई है, जिसके वजह से उनके राशनकार्ड आदि कट गए है वहीं उन्हें बिजली, पानी, टूटी सडक़ें जैसी बुनियादी समस्याओं से भी जूझ पड़ रहा है, जिनकी शिकायतें करने के बावजूद कोई समाधान नहीं हो रहा। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद मनोज अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों को परेशान करने के लिए नई-नई तरकीब लगा रही है। परिवार पहचान पत्र के नाम पर लोगों के परमानेंट परेशानी पत्र बनाए गए हैं। 10 लाख लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए हैं। 5 लाख पात्रों की पेंशन काटी गई है। फैमिली आईडी के नाम पर गरीब जनता के पेट पर लात मारने का काम यह निष्ठुर सरकार कर रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीब, दलित, पिछड़े व जरूरतमंदों को सौ-सौ वर्ग गज के प्लाट देकर उन्हें बसाने का काम किया था, लेकिन भाजपा सरकार गरीबों को उजाडऩे का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में अगर बल्लभगढ़ की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देती है तो कुमारी सैलजा के नेतृत्व में बननी वाली कांग्रेस की सरकार पहली कलम से परिवार पहचान पत्र और फैमिली आईडी को खत्म करने का काम करेगी। वहीं इस दौरान बल्लभगढ़ की पीसीसी डेलिगेट और महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि अगला चुनाव गठबंधन सरकार का विदाई समारोह साबित होगा। क्योंकि प्रदेश की गठबंधन सरकार ने समाज के हर वर्ग को प्रताड़ित कर दिया है और सरकार में शामिल दोनों दलों ने सबसे ज्यादा परेशान अपने मतदाताओं को किया है। सत्ता मिलने के बाद अहंकार में डूबी बीजेपी-जेजेपी जनता के दुःख-दर्द को भूल चुकी है, आज हर वर्ग इस सरकार से दुःखी है। इस सरकार ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को बदहाली के दलदल में धकेलने का काम किया है। वहीं महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव सोनू चौधरी के कहा की इस सरकार ने प्रदेश को बेरोजगारी में नंबर 1 बना दिया।

16 page 8_01.qxd 10/15/2023 6:19 PM Page 1